


हिन्दी दैनिक

# राष्ट्र संवाद

आपका राष्ट्र, आपका संवाद

RNI No. : JHAHIN - 01092

मूल्य : दो रुपए | जमशेदपुर, रविवार 2 फरवरी 2025 | नगर संस्करण | वर्ष : 01 | जमशेदपुर से प्रकाशित | अंक : 261 | rashtrasamvad.com




# केंद्रीय बजट: देश के विकास की यात्रा के 'पहले इंजन कृषि क्षेत्र' के लिए कई उपायों की घोषणा

● बिहार में मखाना बोर्ड का होगा गठन, उच्च उपज वाले बीजों पर राष्ट्रीय मिशन की घोषणा ● झारखंड के लिए कोई बड़ा ऐलान नहीं

**बजट 2025- किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट 5 लाख हुई:-बुजुर्गों को इनकम टैक्स में छूट; काम की बड़ी योजनाओं का जिक्र नहीं**



**बजट में काम की किसी बड़ी योजना की घोषणा नहीं हुई है, 77 मिनट के बजट भाषण में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने किसान क्रेडिट कार्ड के तहत मिलने वाले लोन की लिमिट 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपए करने का ऐलान किया। इसका फायदा 7.7 करोड़ किसानों को मिलेगा।**

## बजट 2025 में काम की प्रमुख घोषणाएं

- प्रधानमंत्री धन धान्य योजना के तहत 1.7 करोड़ किसानों को स्किल और टेक्नोलॉजी से जोड़ना।
- बुजुर्गों के लिए इनकम टैक्स में छूट की लिमिट 50 हजार से बढ़ाकर 1 लाख रुपए करने की घोषणा।
- रेंट पर टैक्स में छूट की सालाना लिमिट 2.40 लाख से बढ़ाकर 6 लाख रुपए की जाएगी।
- 36 लाइफ सेविंग दवाओं को टैक्स फ्री करने की घोषणा।
- डेयरी और फिशरीज के लिए 5 लाख तक लोन।
- IIT और IISc में 10 हजार फैलोशिप मिलेगी।

इनकम टैक्स फाइल करने की सीमा को 2 साल से बढ़ाकर 4 साल कर दिया है।
पिछले बजट में सरकार ने PM सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, NPS वात्सल्य स्कीम और प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजना जैसी बड़ी योजनाओं की घोषणा की थी। अभी तक इन योजनाओं ने अपना टारगेट अचीव नहीं किया है।

● **कपास उत्पादकता के लिए पांच वर्षीय मिशन की घोषणा की गई**

● **असम के नामरूप में 12.7 लाख टन क्षमता का यूरिया संयंत्र होगा स्थापित**

**नई दिल्ली,एजेंसी।** देश की विकास यात्रा के लिए 'कृषि को पहला इंजन' मानते हुए केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज संसद में पेश किए गए केंद्रीय बजट 2025-26 में कृषि विकास और उत्पादकता को बढ़ावा देने के लिए कई उपायों की घोषणा की, जिससे अन्नदाता को लाभ होगा।

बिहार में मखाना बोर्ड स्थापित करने के सरकार के फैसले की घोषणा करते हुए सीतारमण ने कहा कि इससे मखाना के उत्पादन, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और विपणन में सुधार होगा और साथ ही इन गतिविधियों में लगे लोगों को किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) में संगठित करने में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि बोर्ड मखाना किसानों को सहायता और प्रशिक्षण सहायता प्रदान करेगा और यह सुनिश्चित करने के लिए भी काम करेगा कि उन्हें सभी प्रासंगिक सरकारी योजनाओं का लाभ मिले। वित्त मंत्री ने कहा कि उच्च उपज वाले बीजों पर एक राष्ट्रीय मिशन शुरू किया जाएगा, जिसका उद्देश्य अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करना, उच्च उपज, कीट प्रतिरोध और जलवायु लचीलापन वाले बीजों का लक्षित विकास और प्रसार और जुलाई 2024 से जारी 100 से अधिक बीज किस्मों की व्यावसायिक उपलब्धता है। आनुवंशिक संसाधनों के लिए सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों को संरक्षण सहायता प्रदान करने और भविष्य की खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, मंत्री ने कहा कि 10 लाख जर्मप्लाज्म लाइनों के साथ दूसरा जीन बैंक स्थापित किया जाएगा।

कपास उत्पादकता के लिए मिशन की घोषणा करते हुए वित्त मंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि पांच साल का मिशन कपास की खेती की उत्पादकता और स्थिरता में महत्वपूर्ण सुधार की सुविधा प्रदान करेगा और अतिरिक्त लंबे स्टेपल कपास की किस्मों को बढ़ावा देगा। इस मिशन से लाखों कपास उत्पादक किसानों को लाभ मिलेगा, क्योंकि किसानों को सर्वोत्तम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सहायता प्रदान की जाएगी। कपड़ा क्षेत्र के लिए सरकार के एकीकृत 5एफ विजन के अनुरूप मंत्री ने कहा कि यह मिशन किसानों की आय बढ़ाने में मदद करेगा और साथ ही भारत के पारंपरिक कपड़ा क्षेत्र को पुनर्जीवित करने के लिए गुणवत्ता वाले कपास की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करेगा। लगभग 7.7 करोड़ किसानों, मछुआरों और डेयरी किसानों के लिए अल्पावधि ऋण की सुविधा में किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के महत्व को ध्यान में रखते हुए वित्त मंत्री ने केसीसी के माध्यम से लिए गए ऋणों के लिए संशोधित ब्याज अनुदान योजना के तहत ऋण सीमा को 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपये करने की घोषणा की। सीतारमण ने असम के नामरूप में 12.7 लाख मीट्रिक टन की वार्षिक क्षमता वाले यूरिया संयंत्र की स्थापना की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इससे यूरिया की आपूर्ति में और वृद्धि होगी और पूर्वी क्षेत्र में हाल ही में फिर से खोले गए तीन निष्क्रिय यूरिया संयंत्रों के साथ-साथ यूरिया उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने में मदद मिलेगी। भारत मछली उत्पादन और जलीय कृषि में विश्व स्तर पर दूसरे स्थान पर है, जिसका समुद्री खाद्य निर्यात 60 हजार करोड़ रुपये मूल्य का है, इसका जिक्र करते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार अंडमान और निकोबार तथा लक्षद्वीप द्वीपसमूह पर विशेष ध्यान दे रही है। इस क्रम में भारतीय विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) और उच्च सागर से मत्स्य पालन के सतत दोहन के लिए एक सक्षम ढांचा लाएंगे, जिससे समुद्री क्षेत्र की अप्रयुक्त क्षमता का दोहन होगा।

## बजट 2025 में इनकम टैक्स से बड़ी राहत

### 12 लाख तक इनकम पर 60 हजार फायदा; नई टैक्स रिजीम वाले फायदे में, पुरानी जस की तस

बजट में इनकम टैक्स को लेकर बड़ी राहत दी गई है। न्यू टैक्स रिजीम के तहत अब 12 लाख रुपए तक की कमाई पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। नौकरीपेशा लोगों के लिए 75 हजार के स्टैंडर्ड डिडक्शन के साथ यह छूट 12.75 लाख रुपए हो जाएगी। न्यू टैक्स रिजीम के स्लैब में भी बदलाव किया गया है। पुरानी टैक्स रिजीम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। हालांकि नई टैक्स रिजीम में 12 लाख रुपए तक की छूट इनकम टैक्स एक्ट की धारा 87A के तहत दी गई है। यानी नई टैक्स रिजीम के तहत 12 लाख तक की सालाना कमाई वालों पर 4-8 लाख रुपए पर लगने वाले 5% टैक्स और 8-12 लाख की कमाई पर लगने वाला 10% टैक्स सरकार माफ कर देगी। इससे टैक्सपेयर को 60 हजार रुपए का फायदा होगा। मतलब यह कि अगर किसी की कमाई सालाना 12 लाख रुपए से ऊपर होती है तो उसकी टैक्स की कैलकुलेशन में 4-8 लाख पर 5% टैक्स और 8-12 लाख पर 10% टैक्स भी जोड़ा जाएगा। वहीं सरकार अगले हफ्ते नया इनकम टैक्स बिल लाएगी।

**नई टैक्स रिजीम में नौकरीपेशा को ₹12.75 लाख तक जीरो टैक्स**

| क्र. स. | पुराने स्लैब | पुरानी दर | नए स्लैब | नई दर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ₹3 लाख तक | 0% | *₹0 लाख से ₹4 लाख तक | 0% |
| 2 | ₹3 लाख से ₹7 लाख तक | 5% | *₹4 लाख से ₹8 लाख तक | 5% |
| 3 | ₹7 लाख से ₹10 लाख तक | 10% | *₹8 लाख से ₹12 लाख तक | 10% |
| 4 | ₹10 लाख से ₹12 लाख तक | 15% | ₹12 लाख से ₹16 लाख तक | 15% |
| 5 | ₹12 लाख से ₹15 लाख तक | 20% | ₹16 लाख से ₹20 लाख तक | 20% |
| 6 | ₹15 लाख से ज्यादा | 25% | ₹20 लाख से ₹24 लाख तक | 25% |
| 7 | | | ₹24 लाख से ज्यादा | 30% |

*नोट: *न्यू टैक्स रिजीम में 4-8 लाख पर 5% टैक्स और 8-12 लाख पर लगने वाला 10% सरकार सीधे माफ कर देती है।*

## मोदी बोले- ये आम आदमी का बजट है

### इससे देश के नागरिकों की जेब भरेगी; राहुल गांधी बोले- बुलेट इंजरी पर बैंड-ऐड जैसा बजट



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बजट के लिए निर्मला सीतारमण को बधाई दी। पीएम ने कहा, हर कोई आपकी प्रशंसा कर रहा है, बजट बहुत अच्छा है। प्रधानमंत्री ने कहा- यह बजट सामान्य नागरिक, विकसित भारत के मिशन को पूरा करने वाला है। ये बजट इन्वेस्टमेंट, कन्जंप्शन को बढ़ाएगा। मैं वित्त मंत्री और उनकी टीम को जनता का बजट बनाने के लिए बधाई देता हूं। आज देश विकास भी, विरासत भी के मंत्र को लेकर चल रहा है। वहीं बजट को लेकर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा- यह बजट बुलेट इंजरी (गोली के घाव) पर बैंड-ऐड लगाने जैसा है। वैश्विक अनिश्चितता के बीच हमारे आर्थिक संकट को हल करने के लिए एक आदर्श बदलाव की जरूरत थी, लेकिन यह सरकार विचारों के मामले में दिवालिया है।

### बजट को लेकर विपक्ष ने केंद्र को घेरा

लोकसभा में बजट 2025 पर तमाम नेताओं की प्रतिक्रिया भी देखने को मिल रही है। जहां भाजपा और उसके सहयोगी दल के नेता बजट को ऐतिहासिक बता रहे हैं, वहीं विपक्ष इसे खोखले दावों वाला बता रहा है।



**योगी आदित्यनाथ ने की तारीफ** :उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक के बाद एक 7 पोस्ट कर बजट 2025 के लिए मोदी सरकार की सराहना की। उन्होंने लिखा, केंद्रीय वित्त मंत्री ने आज जो बजट प्रस्तुत किया, वह विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में मील का पत्थर साबित होगा।



**नीतीश कुमार ने किया स्वागत** :बजट 2025 में बिहार के लिए कई एलान किए गए हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इसके लिए मोदी सरकार को धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा, केन्द्रीय बजट सकारात्मक एवं स्वागत योग्य है। इस बजट के माध्यम से केन्द्र सरकार द्वारा देश के विकास की गति को और बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। बजट में बिहार के लिए जो घोषणाएं की गई हैं, उनसे बिहार के विकास को और गति मिलेगी।

### कांग्रेस ने साधा निशाना



बजट पर कांग्रेस के नेताओं नी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। राहुल गांधी ने कहा कि बजट गोली के घाव पर पट्टी लगाने जैसा है। वहीं जयराम रमेश ने कहा कि बजट में विकास का इंजन पटरी से उतर गया है। उन्होंने कहा कि बिहार में चुनाव होने हैं, इस कारण वहां के लिए योजनाओं का एलान किया गया।

**अकाली दल और टीएमसी भी भड़के** :शिरोमणि अकाली दल की नेता हरसिमरत कौर बादल ने कहा कि बजट में सिर्फ बिहार का ही जिक्र है, पंजाब के लिए कुछ नहीं है. उन्होंने कहा कि यह किसान विरोधी बजट है। कौर ने कहा

### कुंभ पर अड़े अखिलेश यादव



बजट पेश होने के दौरान समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव कुंभ में मची भगदड़ में मरने वालों के आंकड़ों की मांग की थी। अखिलेश ने कहा कि उनका डाटा बजट से ज्यादा महत्वपूर्ण है। उन्होंने सरकार पर मौत के झूठे आंकड़े देने का आरोप लगाया। वहीं बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि भाजपा सरकार का बजट, कांग्रेस की ही तरह, राजनीतिक स्वार्थ का अधिक व जन एवं देशहित का कम लगता है। अगर ऐसा नहीं है तो इस सरकार में भी लोगों का जीवन लगातार तंग, बदहाल व दुखी क्यों है?

**विपक्षी सांसदों ने की नारेबाजी** :कांग्रेस की ओर से गौरव गोगोई, केसी वेणुगोपाल से लेकर तमाम सदस्य तो अखिलेश यादव समेत सपा के सांसद भी अपनी सीटों पर खड़े होकर कुंभ भगदड़ में मारे गए श्रद्धालुओं की सूची जारी नहीं होने का मामला उठाते हुए सदन में बोलने देने की मांग की। स्पीकर ने विपक्षी सदस्यों की मांग खारिज करते हुए वित्तमंत्री को बजट पेश करने की अनुमति दे दी। इस पर तृणमूल कांग्रेस को छोड़ विपक्ष के सभी सांसद अपनी सीटों पर खड़े होकर कुंभ में मारे गए श्रद्धालुओं के नाम और संख्या बताने की मांग करते हुए नारेबाजी करने लगे।

**स्पीकर ने ठुकराई मांग** :करीब पांच मिनट तक सीटों पर खड़े नारेबाजी करने के बाद सपा के सदस्य वेल में पहुंच गए। मगर स्पीकर ने महाकुंभ हादसे पर बोलने की विपक्ष की मांग ठुकरा दी। इसके बाद नेता विपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस, सपा, द्रमुक, एनसीपी एसपी, शिवसेना यूबीटी समेत तृणमूल कांग्रेस को छोड़ आईएनडीआईए गठबंधन के सभी दलों ने वित्तमंत्री के बजट भाषण का

## यह बजट देश की आम जनता को ध्यान में रखकर बनाया गया है : अर्जुन मुंडा



**जमशेदपुर।** केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा शनिवार को प्रस्तुत किए गए आम बजट पर पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और कोल्हान के सबसे बड़े व्यावसायिक संगठन सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष ने कहा है कि यह बजट देश की आम जनता के हित वाला बजट है. बजट पेश किए जाने के बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने अपनी प्रतिक्रिया दी है. जमशेदपुर घोड़ाबांदा स्थित अपने आवास में उन्होंने बातचीत के दौरान कहा है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत की ओर बढ़ रहा है. वहीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा जो बजट प्रस्तुत किया गया है, वह काफी सराहनीय है. पूर्व मंत्री ने कहा है कि यह बजट देश की आम जनता को ध्यान में रखकर बनाया गया है. इस बजट से सभी वर्गों को लाभ मिलेगा. बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन और रोजगार को प्राथमिकता दी गई है, जबकि गंभीर बीमारी के लिए उपयोगी दवा पर रियायत भी की गई. यह बजट भारत की अर्थव्यवस्था को और मजबूत करेगा.

## पोषण 2.0 योजना के लिए केंद्रीय बजट में आशातीत बढ़ोतरी : अन्नपूर्णा देवी

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने करोड़ों महिलाओं, बच्चों और किशोरियों के लिए स्वास्थ्य और संपूर्ण पोषण सुनिश्चित कर रहे सक्षम आंगनबाड़ी और पोषण 2.0 योजना के लिए बजट में आशातीत बढ़ोतरी करने के लिए प्रधानमंत्री और वित्तमंत्री का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट में महिलाओं के लिए किए गए प्रावधान महिला सशक्तीकरण के प्रति दृढ़संकल्पित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उपहार है।
मीडिया से बातचीत में अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि केंद्रीय बजट में महिलाओं के लिए कई घोषणाएं कीं गई हैं। इनमें पहली बार उद्यमी बनीं 5 लाख अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति की महिला उद्यमियों के लिए नई योजना के तहत अगले 5 वर्षों के दौरान 2 करोड़ रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराना शामिल है। इसमें महिलाओं, बच्चों और किशोरियों के लिए स्वास्थ्य एवं संपूर्ण पोषण सुनिश्चित कर रहे सक्षम आंगनबाड़ी और पोषण 2.0 योजना के लिए बजट में आशातीत बढ़ोतरी भी शामिल है। महिलाओं का विकास हमारी सरकार की प्रतिबद्धता है।

## झामुमो ने जताई निराशा, कहा- झारखंड के साथ किया सौतेला व्यवहार

### झारखंड बीजेपी ने बताया विकासोन्मुखी

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

रांची केंद्रीय बजट पर झारखंड में सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा ( झामुमो) ने निराशा जताई है. झामुमो ने दावा किया कि बजट में झारखंड की अनदेखी की गई. सत्तारूढ़ दल ने आरोप लगाया कि निर्मला सीतारमण के बजट में राज्य और इसके लोगों को 'पूरी तरह से नजरअंदाज' किया गया है. शनिवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में वर्ष 2025-26 के लिए बजट पेश किया ।

झामुमो प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा, ''बजट में झारखंड के लिए कुछ भी प्रस्तावित नहीं किया गया है. पड़ोसी राज्य बिहार को कई परियोजनाएं दी गयी हैं. वहीं, झारखंड और उसके लोगों की पूरी तरह उपेक्षा की गयी है.'' वित्त वर्ष 2025-26 के लिए बजट पेश करते समय बिहार केंद्र में रहा. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राज्य के लिए कई घोषणाएं कीं. घोषणाओं में मखाना बोर्ड की स्थापना, पश्चिमी कोसी नहर के लिए वित्तीय सहायता और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) पटना की क्षमता बढ़ाने के लिए सहायता करना शामिल है ।

### पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने केंद्रीय बजट 2025 का किया स्वागत,



वर्ष 2025 का केंद्रीय बजट विकासवादी और प्रगतिशील बजट है। चंद शब्दों में कहे तो यह बजट लोक कल्याणकारी और देश को समर्पित दूरदर्शी बजट है। यह गांव, गरीब, किसान, नारी शक्ति, आदिवासी, दलित, पिछड़ा, वंचित समेत मध्यम वर्ग के साथ उद्यमियों को सशक्त और समर्थवान बनाने वाला बजट है। उपरोक्त बातें झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए वित्तिय वर्ष 2025-26 के आम बजट पर कही। उन्होंने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में माननीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सर्वव्यापी, सर्वस्पर्शी और समावेशी बजट पेश किया है। बजट में कर सुधारों के माध्यम से मध्यम वर्ग को बड़ी राहत प्रदान की गई है। नए कर ढांचे के तहत ?12 लाख तक की आय पर कोई कर नहीं लगेगा। इससे मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति में वृद्धि होगी और घरेलू उपभोग, बचत, और निवेश को बढ़ावा मिलेगा।

### बजट विकसित भारत के सपने को पूर्ण करने वाला : सेठ

**रांची ।** आम बजट पर रांची के सांसद सह रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा की यह बजट युवा, किसान, महिला और गरीब कल्याण को समर्पित है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार 140 करोड़ देशवासियों की आकांक्षाओं को पूरा करने का लक्ष्य रखा है। 12 लाख तक की आय पर टैक्स नहीं लगाना, करोड़ों परिवारों के लिए लाभकारी होगा। रक्षा राज्य मंत्री ने आम बजट 2025-26 को विकसित भारत के सपने को पूर्ण करने वाला बजट बताया है।उन्होंने कहा है कि इस बजट में देश के हर वर्ग का ख्याल रखा गया है।



अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने बताया कि सिंहभूम चैम्बर के द्वारा तीन महीने बजट पूर्व सुझाव माननीय केन्द्रीय वित्त श्रीमती निर्मला सीतारमण को भेजा गया था। इन सुझावों पर गौर करते हुये अधिकतर बिन्दुओं को इस बजट में समाहित किया गया है। इसके लिये हम केन्द्र सरकार एवं वित्त मंत्री को धन्यवाद देते हैं। अध्यक्ष ने बताया कि चैम्बर ने अपने सुझाव में व्यक्तिगत छूट की सीमा को 10 लाख तक करने की मांग की थी लेकिन उससे भी ज्यादा से बढ़ाकर 12 लाख कर दिया गया जो सराहनीय है।



उपाध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल ;गोल्डी ने इसपर प्रतिक्रिया देते हुये कहा कि आज पेश किए गए केंद्रीय बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए किए गए प्रावधानों की सराहना करता हूं। सरकार ने चिकित्सा सुविधाओं के तेजी से विकास के लिए जो कदम उठाए हैं वे सराहनीय हैं। विशेष रूप से बड़ी संख्या में दवाओं को कस्टम ड्यूटी से मुक्त करना एक महत्वपूर्ण निर्णय है जिससे दवाएं आम नागरिकों के लिए अधिक सुलभ और किफायती हो सकेंगी। यह न केवल स्वास्थ्य क्षेत्र को मजबूत करेगा बल्कि देश की आम जनता के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में भी मददगार होगा।



पंकज कुमार झा ने कहा कि इस बजट में भारत के समग्र विकास की दिशा में एक सशक्त दृष्टिकोण प्रस्तुत किया गया हे। पिछले दस वर्षों में हमारी अर्थव्यवस्था की तीव्र प्रगति और संरचनात्मक सुधारों ने वैश्विक स्तर पर भारत की छवि को मजबूत किया है। बजट में विकसित भारत की परिकल्पना के तहत शून्य गरीबी, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सुलभ और उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवायें, सौ प्रतिशत कौशल विकास, महिलाओं की बढ़ती आर्थिक भागीदारी और देश को विश्व का खाद्य भंडार बनाने जैसे महत्वपूर्ण लक्ष्य तय किये गये हैं।



उपाध्यक्ष अनिल मोदी ने केंद्रीय बजट 2025 पर कहा आज प्रस्तुत केंद्रीय बजट में व्यापार और उद्योग क्षेत्र के लिए किए गए प्रावधानों की सराहना करता हूं। सरकार ने व्यापारिक विकास को गति देने के लिए जो कदम उठाए हैं वे उल्लेखनीय हैं। विशेष रूप से कस्टम ड्यूटी में दी गई छूट से व्यापारियों को राहत मिलेगी और आयात.निर्यात में बढ़ोतरी होगी। यह निर्णय न केवल व्यापार को प्रोत्साहित करेगा बल्कि अर्थव्यवस्था को भी मजबूत आधार प्रदान करेगा।



टैक्स संड फायनेंस के उपाध्यक्ष राजीव अग्रवाल ने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों के लिये ब्याज पर टीडीएस छूट की सीमा 5 लाख से बढ़ाकर 10 लाख कर दी गई है। इसी प्रकार किराये पर टीडीएस कटौती की अनिवार्यता की सीमा 2.40 लाख से बढ़ाकर 6 लाख कर दी गई है। इसके अलावा वस्तुओं की बिक्री पर टैक्स कलेक्टेड एट सोर्स (टीसीएस) को समाप्त कर दिया गया है। ये बदलाव व्यापार और करदाताओं के लिये बड़ी राहत प्रदान करेंगे।

### आम बजट सभी के लिए लाभकारी : चैंबर

**रांची (हि.स.)।** झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष परेश गट्टानी ने केंद्रीय आम बजट की सराहना की है। आम बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए गट्टानी ने कहा कि आम बजट मध्यम वर्ग के लिए लाभकारी है। बजट में दवा, मेडिकल उपकरण, कम्प्यूटर समेत कई चीजों को सस्ता करने का फैसला लिया गया है। साथ ही 12 लाख रुपये तक आय वालों को इनकम टैक्स के दायरे से बाहर रखा गया है। इसके अलावा स्टार्ट अप को प्रोत्साहन दिया गया है। चैंबर अध्यक्ष ने कहा कि आम बजट सभी वर्गों के लिए लाभकारी है।

# सरस्वती पूजा 2025: जामताड़ा प्रशासन सख्त, शांति व्यवस्था के लिए कड़े निर्देश

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**ओम प्रकाश शर्मा, जामताड़ा :**



जामताड़ा जिले में सरस्वती पूजा को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने कड़े दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उपायुक्त कुमुद सहाय और पुलिस अधीक्षक डॉ. ऐहतेशाम वकारिब ने अधिकारियों के साथ बैठक कर सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अशांति बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पूजा पंडालों में जबरन चंदा वसूली, डीजे और लाउडस्पीकर के अनियंत्रित उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। सभी थाना प्रभारियों को विशेष रूप से संवेदनशील इलाकों में सख्ती बरतने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सोशल मीडिया पर नजर रखने के लिए एक विशेष साइबर टीम गठित की गई है, जो किसी भी भड़काऊ पोस्ट या अफवाहों को ट्रैक करेगी। प्रशासन ने सभी पूजा समितियों को यह स्पष्ट कर दिया है कि विसर्जन जुलूस तय मार्गों से ही निकलेगा और निर्धारित समय के भीतर पूरा करना अनिवार्य होगा। डीजे पर भड़काऊ गाने बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा और उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सभी थाना क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है, ताकि कानून-व्यवस्था बनी रहे। इसके अलावा, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी जाएगी। जिले के प्रमुख चौक-चौराहों पर बैरिकेडिंग की गई है और पुलिस पेट्रोलिंग को बढ़ा दिया गया है। चिकित्सा आपातकाल को ध्यान में रखते हुए जिला अस्पताल और सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को अलर्ट पर रखा गया है। प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

सरस्वती पूजा को लेकर जिलेभर में उत्साह है, लेकिन प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि किसी भी नियम का उल्लंघन करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उपायुक्त ने सभी नागरिकों और पूजा आयोजकों से अपील की है।

## आसनसोल साइबर पुलिस की बड़ी सफलता: 9 गिरफ्तार, 1.03 करोड़ की डिजिटल ठगी का भंडाफोड़

**राष्ट्र संवाद संवाददाता ;ओम प्रकाश शर्मा,**

आसनसोल : आसनसोल दुगार्पुर पुलिस के साइबर थाना ने एक बहुचर्चित डिजिटल ठगी के मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। यह मामला साइबर अपराध की नई तकनीक डिजिटल अरेस्ट से जुड़ा है, जिसमें पीड़ित को गिरफ्तारी का भय दिखाकर ठगी की जाती है।

पीड़ित चंचल बंधोपाध्याय, जो आसनसोल साउथ थाना क्षेत्र के निवासी हैं, ने 16 जनवरी को साइबर थाना में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि 10 जनवरी को उन्हें दिल्ली साइबर थाना और एक कथित सीबीआई अधिकारी का फोन आया। कॉल पर उन्हें बताया गया कि उनके नाम से एक पार्सल पकड़ा गया है, जिसमें अवैध सामग्री पाई गई है। आधार कार्ड के इस्तेमाल से इस पार्सल को मंगवाने का आरोप लगाकर उन्हें गिरफ्तारी का डर दिखाया गया। लगातार धमकियों और दबाव के कारण चंचल ने अलग-अलग बैंक खातों में लगभग 1.03 करोड़ रुपये ट्रांसफर कर दिए।

तकनीकी जांच से कोलकाता और दिल्ली तक पहुंची पुलिस

जांच के दौरान साइबर पुलिस को पता चला कि ठगी गई राशि सिलीगुड़ी स्थित कउकउक बैंक के एक खाते में 68 लाख रुपये जमा किए गए थे। बैंक के केवाईसी से एक मोबाइल नंबर मिला, जिसकी लोकेशन कोलकाता के एक होटल में मिली। इसके बाद पुलिस ने कोलकाता के उस होटल में छापा मारा और दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में मिले सुराग के आधार पर कोलकाता के जगदल इलाके से चार और लोगों को पकड़ा गया। इसके बाद पुलिस को सात और बैंक खातों का पता चला, जिन्हें तुरंत फ्रीज कर दिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### महुला में आयोजित हुआ विशेष पशु चिकित्सा शिविर

**राष्ट्र संवाद सं**



**कुंडहित:** विभागीय निदेर्शानुसार शनिवार को प्रखंड के महुला गांव में पशुपालन विभाग द्वारा विशेष पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान दर्जनों पशुपालकों को लाभान्वित किया गया। प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ विनय कुमार के द्वारा शिविर में आए पशुपालकों के पशुओं का इलाज किया गया। इलाज के दौरान निशुल्क दवा का भी वितरण किया गया।

शिविर के दौरान मुख्य रूप से क्षेत्र के पशु कृमि की समस्या से जूझते हुए पाए गए हालांकि फिलहाल क्षेत्र पशुओं में कोई विशेष बीमारी देखने सुनने को नहीं मिल रही है। शिविर के दौरान मुख्य रूप से पशुपालकों को कृमि की दवा उपलब्ध कराई गई। शिविर में मौजूद डॉ विनय कुमार ने कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा मोबाइल वेटरनरी आरंभ किया गया है जिसमें 1962 पर कॉल करने पशुपालक निशुल्क चिकित्सा का लाभ ले सकते हैं। मौके पर पशुपालन कर्मी मृणाल कुमार मंडल के अलावे ग्रामीण पशुपालक उपस्थित थे।

# डीएवी में बारहवीं के विद्यार्थियों को दी भावभीनी विदाई



सावित्री देवी डीएवी पब्लिक स्कूल, जामताड़ा में शनिवार को एक समारोह आयोजित कर बारहवीं के विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई दी गई। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत, जामताड़ा के पूर्व अध्यक्ष बीरेंद्र मंडल एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजदेव कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों को तिलक लगाकर एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत करते हुए किया गया। इसके बाद दीप प्रज्वलित किया गया। ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने स्वागत भाषण एवं गान प्रस्तुत किया। प्राचार्य डॉ विजय कुमार ने विदाई संभाषण देते हुए कहा कि युवाओं को एक लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने के लिए तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने कल्पना चावला का उदाहरण देते हुए कहा कि अंतरिक्ष में जाने वाली पहली भारतीय मूल की इस महिला ने बचपन में तय कर लिया था कि उसे अंतरिक्ष यात्री बनना है। पूर्व राष्ट्रपति डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम ने साधारण परिवार में जन्म लेकर भी वैज्ञानिक बनने का सपना साकार किया। आगे चलकर वे भारत के राष्ट्रपति भी बने।

अपने संबोधन में मुख्य अतिथि बीरेंद्र मंडल ने कहा कि ज्ञान का सच्चा अर्थ संस्कार है। संस्कार नहीं मिला तो शिक्षा अर्थहीन हो जाती है। युवा विद्यार्थियों में आकांक्षा का होना स्वाभाविक है परंतु उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जुझारू प्रवृत्ति का होना भी आवश्यक है। सपना तो वह देखना चाहिए जिसे आप पूरा करने में लगे रहना चाहते हैं। विद्या से विनम्रता आनी चाहिए। समाज और देश की भलाई के बारे में सोचना चाहिए। डॉ राजदेव कुमार ने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वर्तमान समय में सोशल मीडिया के चंगुल से मुक्त रहकर ही लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। विद्यार्थियों को मार्ग से विचलित नहीं होना चाहिए। तड़क-भड़क और दिखावा से दूर रहकर ही लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

## 2025 का बजट कमजोर और दिशाहीन, महंगाई बढ़ाने वाला: फुरकान अंसारी



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद फुरकान अंसारी ने 2025 के बजट पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह बजट मोदी सरकार के पिछले 11 वर्षों में सबसे कमजोर साबित हुआ है। अंसारी के अनुसार, बजट में पिछड़े वर्गों, विद्यार्थियों और मध्यम वर्ग के लिए कोई विशेष प्रावधान नहीं किया गया है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि सरकार ने केवल चुनिंदा वर्गों के हितों को प्राथमिकता दी है।

उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी इस बजट के माध्यम से एक विफल नेता के रूप में सामने आए हैं। अंसारी का मानना है कि इस बजट से महंगाई में और वृद्धि होगी, जिससे आम जनता का जीवन और कठिन हो जाएगा। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि यह बजट आम लोगों की समस्याओं को नजरअंदाज करते हुए केवल विशेष हितों की पूर्ति के लिए तैयार किया गया है। अंसारी ने बजट में मध्यम वर्ग के लिए आयकर में कटौती के बावजूद, इसे अपर्याप्त बताते हुए कहा कि इससे वास्तविकता में मध्यम वर्ग को कोई खास राहत नहीं मिलेगी। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि वह आम जनता की समस्याओं को समझे और उनके समाधान के लिए ठोस कदम उठाए।

## संक्षिप्त खबरें

### भागवत कथा में पूतना वध व बाल लीलाओं का वर्णन किया



**राष्ट्र संवाद सं**

फतेहपुर, फतेहपुर प्रखंड अंतर्गत खामारवाद पंचायत के कालूपहाड़ी गाँव बजरंगवली मंदिर परिसर में चल रही 7 दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण के पांचवे दिन शनिवार को कथावाचक वृंदावन धाम के कथा राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल नंदन महाराज ने गोवर्धन पूजा, माखन चोरी, पुतना वध व कालिया नाग वध की लीला की कथा सुनाई जिसको सुनकर श्रोता मंत्र मुग्ध हो गए। कथा में महाराज ने गोवर्धन पूजा मे कहा कि गोवर्धन का अर्थ है गो संवर्धन। भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत मात्र इसीलिए उठाया था कि पृथ्वी पर फैली बुराइयों का अंत केवल प्रकृति एवं गो संवर्धन से ही हो सकता है।

### सरस्वती पूजा को लेकर फतेहपुर में बढ़ी चहल-पहल

**फतेहपुर, राष्ट्र संवाद सं**



फतेहपुर प्रखंड में माँ सरस्वती पूजा को लेकर चहल-पहल का माहौल देखा जा रहा है। दरअसल प्रखंड क्षेत्र के चौकुन्दा गांव में मंडल समाज के मूर्तिकारों द्वारा भिन्न भिन्न तरह की प्रतिमाओं का निर्माण एक लंबे समय से किया जा रहा है। ऐसे में इस बार भी मा सरस्वती की प्रतिमाओं को चौकुंदा गांव के मूर्तिकार अंतिम रूप दे रहे हैं। कड़ी मेहनत के बाद ये मूर्तिकार मां सरस्वती की प्रतिमा को पूर्ण रूप देने में जुट चुके हैं। सिर्फ चौकुन्दा गांव में ही सैकड़ों की संख्या में मां शारदे की प्रतिमाओं का निर्माण किया गया है। बता दें कि इस बार 3 फरवरी यानि सोमवार को मां शारदे की पूजा होगी। दरअसल पूजा के लिए प्रतिमाओं की बुकिंग भी हो चुकी है और हो भी रही है।

### पीएम आवास व अबुआ आवास का बीडीओ ने किया निरीक्षण

**फतेहपुर, राष्ट्र संवाद सं**



फतेहपुर प्रखंड के जामजोरी एवं फतेहपुर पंचायत में पूर्व से संचालित अबुआ आवास योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों को प्रोत्साहित करने और आवास पूरा कराने को लेकर शनिवार को बीडीओ प्रेम कुमार दास ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वर्तमान वित्तीय वर्ष में दोनों पंचायतों में कुल 50 पीएम आवास का कार्य प्रगति पर है। जिसमें इन सभी लाभुको को हीं प्रथम किस्त का भुगतान किया गया है। बीडीओ ने शेष योग्य पीएम एवं अबुआ आवास लाभुकों का अभिलेख जमा करने का निर्देश दिया है। और लंबित आवास योजना का निरीक्षण किया गया। बीडीओ ने सभी लाभुकों को जल्द आवास निर्माण कार्य पूरा करने को कहा। लाभुक द्वारा आवास का राशि लेकर आवास नहीं बनाने वाले को सख्त निर्देश दिया गया है। इसके पश्चात भी आवास पूर्ण नहीं करने वाले लाभुको के विरुद्ध राशि वसूली हेतु कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# संत एंथोनी विद्यालय में 10वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह का किया गया



संत एंथोनी विद्यालय में शनिवार को कक्षा 10वीं का विदाई समारोह आयोजित किया गया। इसमें कक्षा 9वी के छात्रों ने अपने सीनियर्स को भावभीनी विदाई दी गई। वही कक्षा 9वीं के छात्र-छात्राओं ने 10वीं के विद्यार्थियों को तिलक लगाकर उनका भव्य स्वागत स्वागत तथा अभिनंदन किया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय मुख्य संरक्षक डॉ दुर्गा दास भंडारी, निदेशक डॉ चंचल भंडारी, शैक्षणिक प्रमुख दीपक कुमार मंडल, प्राचार्य अरूप कुमार यादव, प्रभारी प्राचार्य लारेब खान विजन-ई सेक्रेटरी अपर्णा भंडारी सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं तथा विद्यालय के हेड बॉय एवं हेड गर्ल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा कई रंगारंग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम द्वारा विदाई समारोह का आगाज हुआ। विद्यालय के मुख्य संरक्षक तथा शिक्षाविद डॉ दुर्गा दास भंडारी अपने संबोधन मे कड़ी मेहनत,सद्व्यवहार, नम्रता व उच्च चरित्र के साथ राष्ट्र निर्माण की सीख देते हुए विद्यालय के साथ-साथ जामताड़ा का नाम रोशन करने व जीवन में एक श्रेष्ठ और ईमानदार नागरिक बनने का आह्वान किया। वहीं मौके पर विद्यालय के निदेशक डॉ चंचल भंडारी ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए छात्रों को परीक्षा में धैर्य, लगन एवं मेहनत के साथ सर्वोतम प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। अंत में, विदाई ले रहे 10वीं कक्षा के सभी विद्यार्थियों स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में वर्ग नवम के छात्र-छात्राओं का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिक्षक उत्पल मंडल, निवास कुमार, सुजीत कुमार साहा, रिंकू घोष, दिशारी मुखर्जी, रिया माजी, तन्मय भंडारी, दीपेश पाल, रोनित विश्वास, रतन कुमार मंडल, रतना पाल, रूबिना खान, प्रीति शाहा, सुलेखा कुमारी सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## सेवानिवृत्त सहायक शिक्षक का विदाई समारोह हुआ आयोजित



**राष्ट्र संवाद सं**

फतेहपुरः फतेहपुर +2 उच्च विद्यालय में सहायक शिक्षक मानधन हेंब्रम का विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मानधन हेंब्रम सेवानिर्मित हुए इस उपलक्ष में उच्च विद्यालय का में भावभिनी विदाई का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय परिवार के सदस्यों ने मिलकर कार्यक्रम का आयोजन किया जिला मुख्य रूप से उपस्थित जिला शिक्षा पदाधिकारी चाल्स हेंब्रम तथा एजुकेशन एसडीओ सुरेश महतो उपस्थित थे। जिला शिक्षा पदाधिकारी चाल्स हेंब्रम ने कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा सेवा निर्मित सरकार का नियम है इन्होंने छात्र-छात्राओं प्रति शिक्षा के सर्वांगीण विकास के लिए अपना छाप छोड़े हैं। उच्च विद्यालय के सभी शिक्षकों ने कहा यह पल हम लोगों के लिएभावुक पल है इनका व्यवहार और कार्य कभी नहीं भुलाया जाएगा। मानधन हेंब्रम उच्च विद्यालय फतेहपुर में भी पढ़े थे और यहीं पर शिक्षक के रूप में पदस्थापित थे। दौरान इसी स्कूल दशकों से रहकर बच्चों को शिक्षित किया और यही से सेवानिवृत हुए। इस अवसर पर आदिवासी शिक्षक संघ के अध्यक्ष दुलाल हाँसदा ने सेवानिवृत शिक्षक मानधन हेंब्रम को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। और कहा कि शिक्षक की कभी विदाई नहीं होती। क्योंकि शिक्षक ऐसा एक शब्द जिसकी तुलना किसी से नहीं। जिस प्रकार कुम्हार कच्चे मिटी से बर्तन बनाकर उसे पकाता है। ठीक उसी प्रकार एक शिक्षक बच्चों को शिक्षित कर उसे पूरा पकाकर जीवन रुपी समर में उतरने की शिक्षा देते है। इसी मौक पर आदिवासी शिक्षक संघ अध्यक्ष दुलाल हांसदा,सचिव हेमलाल मुर्मू, सुधीर सोरेन,नगेन्द्र पोईतोड़ी,उच्च विद्यालय के प्रधान अध्यापक धर्मराज शर्मा,जीवन कुमार झा,अनुपम शाह ,बलप्रीत सिट,भारतीय रानी बेसरा ,उमा कुमारी, सुशांत हांसदा आदि सभी शिक्षकों ने सेवानिर्मित मानधन हेंब्रम को भावभीनी विदाई देते हुए स्वस्थ जीवन में दीघार्यु की कामना की विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भी विदाई गीत गाकर तथा नित्य के माध्यम से नमः आंखों में विदाई दी वहीं कई गण लोगों ने शाल देकर सम्मानित किया मौके पर उच्च विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित थे ।

# अबुआ अबास के लिये कार्यालय का चक्कर काट कर थक गया तसरकाटा के अल्पसंख्यक मजदूर

**रानीश्वर, दुमका, राष्ट्र संवाद सं**



सादीपुर ग्राम पंचायत के तसरकाटा गांव के सहादत खान को आज तक आवास योजना का लाभ नहीं मिला हैं । उसे प्रखंड स्तर से एक बकरी शेड मिला हैं ।वह मजदूरी करता हैं ।पत्नी महमूदा बीबी बकरी चरती हैं ।उसके पास आठ बकरी हैं ।शेड में उस बकरी के साथ रहता हैं ,तथा उसी शेड में खाना बनाती हैं । उसका दो लड़की एवं एक लड़का हैं । टीना के छपर का जर्जर मकान में रहता हैं ।प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं उपायुक्त दुमका के पास अबेदन देकर आवास निर्माण का गुहार लगाया हैं ,साथ ही पंचायत सचिव के द्वारा आवास उपलब्ध कराने के लिये पंद्रह हजार रिश्वत मांगने की आरोप लगाया हैं ।डीसी के आदेश पर बीडीओ ने मामले की जांच कराया हैं ।सहादत ने बताया हैं कि पंचायत सचिव सुलोचना ने पंचायत स्वंय सेवक प्रसेनजित बाउरी एवं गांव के एक बिचौली के साथ आकर ने बतायी हैं कि आवास स्वीकृति के लिये खर्चा करना होगा । साकिर उद्दीन खान ने बताया हैं कि आवास की सूची में उसका पत्नी आर्मिना खातून की नाम हैं ।पंचायत स्वयं सेवक प्रसेनजित के इशारे यहां लाभुक चयन एवं जियो टैग होता हैं ।उसके अबेदन पर डीसी ने बीडीओ को जांच का आदेश दिया हैं ।बीडीओ राजेश कुमार सिन्हा ने पंचायत सचिव को जांच का आदेश दिया हैं ।यहां पंचायत सचिव पंचायत स्वयं सेवक एवं बीचोली से घिरा रहती हैं । तसरकाटा गांव में 70 अल्पसंख्यक परिवार हैं । चार लाभुक सायरा बीबी, जमीना बीबी, पसिन बीबी एवं फिरोज के आवास की स्वीकृति दिया हैं । सायरा बीबी बगल के हकिगतपुर गांव में लड़की के घर मे रहती हैं , यहां मकान के लिये उसके पास जमीन नहीं हैं । यहां पिरोज को पूर्व में आवास मिला हैं ।

## पलामू में नौ किलो वजनी आईईडी बरामद, नष्ट किया गया

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**मेदिनीनगर:** झारखंड के पलामू जिले में सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के लिए नक्सलियों द्वारा लगाये गये करीब नौ किलोग्राम वजनी एक देशी संवर्धित विस्फोटक (आईईडी) को बरामद कर सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। तलाशी अभियान के दौरान दुधिया के वन क्षेत्र में आईईडी बरामद किया गया।

अधिकारी ने बताया कि पास की झाड़ियों में छिपाकर रखी गई एक देसी बंदूक भी बरामद की गई।

पलामू की पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने बताया कि इलाके में तीन शीर्ष नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद पुलिस की चार टीमें गठित की गई थीं। उन्होंने बताया कि पुलिस की टीमें 10 गांवों से होते हुए दुधिया के पास पहुंचीं, जहां आईईडी बरामद किया गया। रमेशन ने बताया, आईईडी को सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया गया।अधिकारी ने बताया कि स्वघोषित नक्सली क्षेत्रीय कमांडर नितेश यादव, जोनल कमांडर संजय यादव और इम्तियाज अंसारी हमला करने के लिए इलाके में घूम रहे थे।

# रानीश्वर क्षेत्र में म्यूटेशन संबंधीय समस्या बहुत गंभीर

**रानीश्वर, राष्ट्र संवाद सं**

आज भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल जिला परिषद सदस्य श्री विमान सिंह की नेतृत्व में प्रशिक्षित आईएएस ऑफिसर अभिनव प्रकाश जी से मिले और क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए बात किया। आज प्रतिनिधि मंडल के मुख्य विषय यही था कि रानीश्वर क्षेत्र में म्यूटेशन संबंधीय समस्या बहुत गंभीर होते जा रहे हैं।

इस विषय पर चर्चा हुआ जिसमें प्रशिक्षित आईएएस ऑफिसर श्री अभिनव प्रकाश जी ने आश्वासन दिया कि आपके क्षेत्र में जितने भी किसानों का अभी तक ऑनलाइन किया हुआ है उनको आप मंगलवार से प्रखंड कार्यालय में आने के लिए जितने भी किसान है वह लोग का म्यूटेशन संबंध यह समस्या का समाधान करने का प्रयास करूंगा। भाजपा प्रतिनिधि मंडल में उपस्थित रघुनाथ दत्त भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रखंड महामंत्री कार्तिक घोष और शुभदास कोरा



# जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने मोहरदा जलापूर्ति योजना के फिल्टर प्लांट का किया निरीक्षण, शुद्ध और सतत जलापूर्ति हेतु दिए कई आवश्यक सुझाव

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा की विधायक पूर्णिमा साहू ने मोहरदा जलापूर्ति योजना से स्थानीय निवासियों को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने में आ रही बाधाओं का निरीक्षण किया। शनिवार को उन्होंने मोहरदा स्थित परियोजना स्थल का दौरा किया और वर्षभर शुद्ध एवं निरंतर जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कई आवश्यक सुझाव दिए। निरीक्षण के बाद, विधायक ने जिला प्रशासन से जल परियोजना स्थल पर सेटलिंग पॉन्ड, गेट और बाउंड्री वॉल के निर्माण की मांग की। उन्होंने कहा कि सेटलिंग पॉन्ड के निर्माण से बारिश और गर्मी के मौसम में स्वच्छ एवं सतत जल आपूर्ति सुनिश्चित होगी।



विधायक पूर्णिमा साहू ने जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति को टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड के सहयोग से इस परियोजना को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया है। इसके अलावा, विधायक ने जिला योजना समिति में इस मांग को उठाने की घोषणा की है और प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की अपील की है।

**नए इंटेक वेल की मांग:**

विधायक ने राज्य सरकार से स्वर्णरिखा नदी में एक नया इंटेक वेल बनाने की भी मांग की है, जो वर्तमान इंटेक वेल से 50 फीट की दूरी पर होगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान इंटेक वेल नदी के किनारे पर स्थित है, जिससे मानसून में प्रदूषित जल संग्रहित होता है और गर्मियों में पानी की कमी का सामना करना पड़ता है। नई इंटेक वेल को नदी के मध्य में बनाया जाएगा, जिससे बारिश में स्वच्छ जल और गर्मी में पर्याप्त जल आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी।

इस दौरान बिरसानगर भाजपा के मंडल अध्यक्ष बबलू गोप, बोलटू सरकार, धीरज कुमार, कृपा गोप, नारायण गोप, सुमन दास, निर्मल हेम्ब्रम, अविनाश कुमार, सनोज कुमार, सीमा दास, ममता भूमिज समेत अन्य मौजूद रहे।

# केंद्रीय बजट 2025 का विधायक पूर्णिमा साहू ने किया स्वागत, बजट को बताया- महिला सशक्तिकरण, युवा रोजगार और आर्थिक समृद्धि का सशक्त दस्तावेज, पीएम नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का जताया आभार

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**जमशेदपुर।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2025 को ऐतिहासिक बताते हुए जमशेदपुर पूर्वी के विधायक पूर्णिमा साहू ने कहा कि यह बजट देश के भविष्य को मजबूत करने वाला है। यह बजट महिला सशक्तिकरण, युवा रोजगार और आर्थिक समृद्धि का



सशक्त दस्तावेज है। जिसमें मध्यम वर्ग को बड़ी राहत देते हुए 12 लाख तक के आय को कर मुक्त करने, 5 लाख महिलाओं और नए उद्यमियों को टर्म लोन की सुविधा, सशक्त आंगनबाड़ी और पोषण 2.0 योजना के तहत 8 करोड़ बच्चों को समर्थन, 5 आईआईटी में बुनियादी ढांचे का विस्तार, नेशनल मैन्युफैक्चरिंग मिशन₹ के तहत उद्योगों को बढ़ावा, स्टार्टअप्स के लिए क्रेडिट गारंटी की सीमा बढ़ाकर 20 करोड़, किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख, इस वर्ष मेडिकल कॉलेजों में 10,000 सीटें, 5 वर्षों में 75,000 सीटें, 36 जीवनरक्षक दवाओं पर सीमा शुल्क में छूट, 6 दवाओं पर 5% शुल्क जैसी महत्वपूर्ण लोककल्याणकारी घोषणाएं सराहनीय और ऐतिहासिक है। निश्चित तौर पर इस जनकल्याणकारी निर्णय से मध्यम वर्ग सहित देश का जन-जन लाभान्वित होगा।

पूर्णिमा साहू ने कहा कि बजट में भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए गए हैं। उन्होंने बजट को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ₹सबका साथ, सबका विकास₹ विजन का प्रतीक बताया।

# बजट पर प्रतिक्रिया

## चुनाव को ध्यान में रख कर बनाया गया राहत देने वाला बजट- जम्मी भास्कर



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट 2025-26 पर झारखंड प्रदेश इंटक एवं काँग्रेस प्रवक्ता जम्मी भास्कर ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा की बजट में वेतन-भोगियो एवं मध्यम वर्ग को राहत देने के लिए 12 लाख रुपये तक की आय पर कर छूट की घोषणा की गई है, टैक्स में छूट से मजदूर वर्ग को राहत मिलेगी। हालांकि, बजट में निजी निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए पर्याप्त उपाय नहीं किए गए हैं। कुल मिलाकर, बजट में विकास और वित्तीय अनुशासन के बीच संतुलन बनाने का प्रयास किया गया है, लेकिन इसके प्रभाव का आकलन समय के साथ ही हो सकेगा।

## स्वागत योग्य बजट :डॉ जटाशंकर पांडेय



भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ जटा शंकर पाण्डेय ने केंद्रीय बजट को मध्यम वर्ग के लिए वरदान बताया. उन्होंने कहा कि यह अभीतक का सर्वश्रेष्ठ बजट है, आयकर छूट की सीमा बढ़ाकर 12.75लाख करने के निर्णय की जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है.इस बजट में हर वर्ग का ख्याल रखा गया है. कैंसर की दवा में छूट दी गयी है तथा कई उपयोगी सामानो के दाम में कटौती की गयी. विमान सेवा में ऐतिहासिक बढ़ोतरी करना स्वागत योग्य है.बजट में मध्यम वर्ग को बड़ी राहत, 12 लाख रुपये की सालाना आय पर अब नहीं लगेगा कोई कर स्टार्टअप के लिए 10 हजार करोड़ रुपये की ह्यफंड ऑफ फंड्सह्न योजना की घोषणा की गयी है।

## बजट 2025: मिडिल क्लास, युवाओं, किसानों और कारोबारियों को राहत, दिनेश कुमार बोले- आर्थिक विकास को मिलेगा बल



वित्त मंत्री द्वारा पेश किए गए बजट में मध्यम वर्ग, वरिष्ठ नागरिकों और कारोबारियों को बड़ी राहत दी गई है। नए टैक्स नियम के तहत अब 12.75 लाख तक की आय पर कोई टैक्स नहीं लगेगा, जबकि MSME सेक्टर को 10 करोड़ तक का लोन दिया जाएगा। किसानों के लिए ह्यप्रधानमंत्री धनधान्य योजनाह्न लाई गई है, वहीं इंश्योरेंस सेक्टर में 100% FDI को मंजूरी मिली है।

भाजपा जमशेदपुर के पूर्व अध्यक्ष दिनेश कुमार ने इस बजट को ₹आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बड़ा कदम₹ बताया। उन्होंने कहा, ₹यह बजट उद्योगों को प्रोत्साहन देने के साथ-साथ युवाओं, किसानों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए लाभकारी साबित होगा। मोदी सरकार का यह फैसला भारत की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।

## देश को समृद्ध करने वाली बजट: विकास सिंह



ब्रह्मर्षि विकास मंच के अध्यक्ष रेड क्रॉस सोसाइटी के पैटर्न के के बिल्डर के निदेशक विकास सिंह ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मध्यम वर्ग के लिए सराहनीय बजट है लेकिन सरकार को निम्न वर्ग के लोगों का आय बढ़ाने पर कार्य करने की जरूरत है उन्होंने कहा कि स्किल डेवलपमेंट पर सरकार को जोड़ देना चाहिए और मुफ्त की रेवड़ियां बांटना बंद करनी चाहिए

श्री सिंह ने कहा कि बजट का परिणाम दूरगामी होगा और यह बजट देश को समृद्ध करने बाली बजट है।

## भारत के नागरिकों के लिए बजट है:मनोज कुमार



आधुनिक ग्रुप के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार अग्रवाल ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह भारत के नागरिकों के लिए बजट है। वित्त मंत्री ने आने वाले पांच सालों में 10 लाख करोड़ के इंफ्रा का प्लान रखा है. इससे इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास और स्टील की खपत को बढ़ावा मिलेगा। करदाता की सीमा बढ़ाई गई है तो उन्हें भी लाभ मिलेगा।

लेकिन इस्पात क्षेत्र के अलावा, इस्पात पर सीमा शुल्क 25% से घटाकर 15% कर दिया गया है, जो भारत में वैश्विक आयात की तुलना में इस्पात निमार्ताओं को अधिक प्रतिस्पर्धी बना देगा। आने वाले दिनों में इस्पात के कम लागत वाले उत्पादक बचे रहेंगे और टिके रहेंगे। दूसरों को मुश्किल दिनों का भुगतान करना होगा जब तक कि कोयले पर पर्यावरण उपकर में कमी नहीं की जानी चाहिए और सभी राज्यों में अधिक से अधिक लौह अयस्क खदानों को नीलामी के लिए रखा जाना चाहिए।

## विकसित भारत का ग्रोथ इंजन बनेगा यह बजट - अमरप्रीत सिंह काले



समावेशी, सर्वहितकारी और विकासोन्मुखी बजट , सबका ध्यान, सबका सम्मान ।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया गया वित्तीय वर्ष 2025-26 का आम बजट देश की आर्थिक प्रगति को नई ऊर्जा और गति प्रदान करने वाला है। यह बजट समाज के हर वर्ग-गांव, गरीब, किसान, नारी शक्ति, आदिवासी, दलित, पिछड़ा, वंचित और मध्यम वर्ग के साथ-साथ युवाओं और उद्यमियों को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व और मार्गदर्शन में तैयार किया गया यह बजट लोक-कल्याणकारी दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करता है। इस बजट में मध्यम वर्ग को कर सुधारों के माध्यम से बड़ी राहत प्रदान की गई है। नए कर ढांचे के तहत ?12 लाख तक की आय पर कोई कर नहीं लगेगा, जो मध्यम वर्ग के लिए एक बड़ी राहत है। इससे उनकी क्रय शक्ति में वृद्धि होगी और देश में उपभोग, बचत एवं निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा।

कुलमिलाकर यह बजट देश के हर नागरिक के लिए आशा और संभावनाओं का संदेश लेकर आया है.

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने प्रधानमंत्री जी व वित्त मंत्री जी का धन्यवाद व आभार प्रकट किया है ।

## मध्यम वर्ग के लिए बजट काफी अच्छा है :अंजन कुमार

CA अंजन कुमार ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा की बजट कुल मिलाकर मध्यम वर्ग के लिए काफी अच्छा है। 12 लाख तक के आय पर टैक्स नहीं लगेगा एवं टैक्स दर में बदलाव काफी अच्छा है। इससे लोगों की क्रय क्षमता भी बढ़ेगी एवं बाजार में पैसा आएगा। ळऊर के दर एवं स्लैब में बदलाव की व्यापारियों को काफी राहत देगा। कुल मिलाकर आज का बजट अच्छा है एवं विकास को गति मिलेगी।

## बजट में मध्यम वर्ग का रखा गया ध्यान :हरे राम सिंह

पूर्व विधायक प्रतिनिधि हरे राम सिंह ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा की केंद्र सरकार द्वारा आज देश में भारत सरकार के वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीता रमन जी के द्वारा लाया गया बजट स्वागत योग्य कदम है। जिसकी जितनी तारीफ की जाए वह कम है ।



यह सरकार ने जो मिडिल क्लास के लिए 12 लाख तक की आय में किसी भी प्रकार का टैक्स नहीं देना यह बहुत बड़ा राहत कदम है । मिडिल क्लास के लिए देश के इतिहास में पहली बार कोई वित्त मंत्री ने इतनी बड़ी राहत दी है । जिससे मिडिल क्लास के लोगों को बहुत बड़ा राहत है। छोटे व्यापारियों को 5 करोड़ तक की कर्ज का प्रावधान देना यह ग्रास रूट के विकास की रेखा है जो बहुत ही लोगों के लिए विकास के मार्ग का प्रशस्त रास्ता खुलेगा। हर क्षेत्र में सरकार ने हर वर्ग के लिए यह स्वागत योग्य बजट पेश किया है

## यह बजट देश के सर्वांगीण विकास के साथ प्रगतिशील बजट: अनिल ठाकुर



ब्रह्मर्षि विकास मंच के महासचिव अनिल ठाकुर ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट देश के सर्वांगीण विकास एवं सामान्य वर्ग के हित को ध्यान रखते हुए सर्वोत्तम बजट है उन्होंने कहा कि जाएगा बजट विकासवादी व प्रगतिशील बजट है बजट में कृषि क्षेत्र की सोच दूरगामी परिणाम देने वाली है बजट की सबसे बड़ी खूबी है कि बजट में मेक इन इंडिया कार्यक्रम के तहत जो राष्ट्रीय मिशन की बात की गई है वह देश के विकास में मिल का पत्थर साबित होगा

## मध्यम वर्ग, किसान और नारीशक्ति को केंद्र में रखकर बना बजट 2025- काली शर्मा



भाजपा महानगर कोषाध्यक्ष कृष्णा शर्मा ने कहा कि केंद्रीय बजट 2025 गरीब, युवा, किसान, नारीशक्ति और मध्यम वर्ग को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। इस बजट का मुख्य उद्देश्य डायरेक्ट टैक्स में राहत देकर मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति बढ़ाना, समावेशी विकास को प्रोत्साहित करना और निजी निवेश को बढ़ावा देना है। साथ ही, निवेश को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ आर्थिक स्थिरता बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

## विकसित भारत के संकल्प की प्रतिबद्धता का प्रतीक है बजट :प्रमोद मिश्रा

भारत के वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन के द्वारा पेश आमवजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बारीडीह मंडल के मीडिया प्रभारी प्रमोद मिश्रा ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प की प्रतिबद्धता का प्रतीक है यह वजट। मध्यमवर्ग को राहत देते हुए वित्तमंत्री ने सुधारवादी वजट के हिस्से के रूप मे 12 लाख रुपए तक की वार्षिक आय को आयकर से छूट दी है,यह अत्यंत ही स्वागत योग्य कदम है।

## जनहित नहीं, राजनीतिक स्वार्थ का बजट- राकेश साहू



झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव राकेश साहू ने केंद्रीय बजट 2025-26 पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे राजनीतिक स्वार्थ से प्रेरित बताया। उन्होंने कहा कि बजट में जनहित की अनदेखी की गई है, नौकरियों के अवसर नहीं हैं, मध्यम वर्ग शोषण का शिकार है और महंगाई चरम पर है। कुल मिलाकर, बजट विकास और वित्तीय अनुशासन के बीच संतुलन बनाने का प्रयास करता है, लेकिन इसका वास्तविक प्रभाव समय के साथ ही स्पष्ट होगा।

## बजट विकसित भारत के संकल्प की प्रतिबद्धता का प्रतीक है :पवन अग्रवाल



केंद्रीय बस्ती विकास समिति अध्यक्ष सह भाजपा नेता पवन अग्रवाल ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा की ये आम बजट विकसित भारत के संकल्प की प्रतिबद्धता का प्रतीक है यह बजट मध्यमवर्ग को राहत देते हुए वित्तमंत्री ने सुधारवादी वजट के हिस्से के रूप मे 12 लाख रुपए तक की वार्षिक आय को आयकर से छूट दी है,यह अत्यंत ही स्वागत योग्य कदम है।

## प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत का यह रोड मैप है यह बजट:बिद्युत बरण महतो



सांसद बिद्युत बरण महतो ने केंद्रीय बजट 2025 के संबंध में कहा कि यह बजट किसान, गरीब,मध्यम वर्ग, महिला एवं बच्चों की शिक्षा, पोषण और स्वास्थ्य , स्टार्टअप और इनोवेशन से लेकर इन्वेस्टमेंट तक हर क्षेत्र को समाहित करने वाला है। यह प्रधानमंत्री जी के आत्मनिर्भर भारत का यह रोड मैप है।

यह बजट विशेष कर मध्यम वर्ग को ऐतिहासिक एवं दूरगामी राहत पहुंचाने वाला आजादी के बाद पहला बजट है।

आयकर मुक्त राशि के स्लैब की सीमा को बढ़ाकर ?12 लाख तक कर देना यह सिर्फ मोदी जी के कैबिनेट का ही कमाल है ।

जहां एक ओर जहाँ वेतन भोगी समुदाय को राहत मिला है वहीं दूसरी ओर किसान क्रेडिट कार्ड का लोन की सीमा बढ़ाकर ?5 लाख करने से किसानों को एक नई शक्ति मिलेगी ।

नए मेडिकल कॉलेज को खोलकर 10 हजार डॉक्टर को लाने से शिक्षा और स्वास्थ्य को एक नई दिशा मिलेगी।

## 2025 का आम बजट प्रगतिशील ,सर्वव्यापी और कल्याणकारी: राजेश शुक्ल



झारखंड स्टेट बार काउंसिल के उपाध्यक्ष और राज्य के सुप्रसिद्ध वरिष्ठ अधिवक्ता श्री राजेश कुमार शुक्ल ने 2025 के आम बजट को सर्वव्यापी, प्रगतिशील और कल्याणकारी बताया है

श्री शुक्ल ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा हैं कि आयकर में 12 लाख रुपये आय पर कोई टैक्स नहीं लगाया जाना, मोबाइल फोन , इलेक्ट्रिक कार , टेलीविजन, बैट्री, कैंसर की दवा को सस्ता किया जाना सराहनीय प्रयास है

श्री शुक्ल ने बजट को मध्यम वर्ग के लिए बड़ी राहत बताया है, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, किसान, उद्योग और युवा और महिलाओं तथा वरिष्ठ नागरिकों को भी इस बजट में लाभ दिया गया है ह्न जो सराहनीय प्रयास है ह्न श्री शुक्ल ने इसके लिए भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन को लोककल्याणकारी बजट पेश करने के लिए आभार जताया है और विकासशील, सर्वव्यापी, और प्रगतिशील बजट देने के लिए बधाई दिया है

## मोदी सरकार के बजट में आम जनता और गरीबों के लिए कुछ राहत नहीं है : सुधीर कुमार पप्पू

मोदी सरकार ने जो आज बजट पेश किया उसने आम जनता और गरीबों के लिए कुछ नहीं है। लोक लुभावना और जनता को ठगने वाला बजट है। कुल मिलाकर कहा जाए तो बजट बकवास है। समाजवादी चिंतक और अधिवक्ता सुधीर कुमार



पप्पू ने केंद्रीय बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उक्त बातें कही है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार झूठ की सरकार है 10 सालों में जो भी बजट पेश किया गया किसी को पूरा नहीं किया गया। किसानों युवाओं गरीबों मजदूरों और आम जनता के लिए बजट में कोई राहत की बात नहीं है। बिहार और झारखंड के साथ अनदेखी की गई है। केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने हर साल की तरह इस साल भी बकवास बजट पेश किया है। अमीरों को ध्यान में रखकर बजट बनाया जाता है। रेलवे के क्षेत्र में भी कुछ लग्जरी ट्रेन चलाई जाएगी और गरीबों को कोई राहत नहीं मिलेगी।

## शिक्षा के क्षेत्र में आया बजट सराहनीय :गौरव



गौरव बचन सचिव रंभा शैक्षणिक संस्थान समूह ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस वर्ष के बजट में स्कूली शिक्षा और उच्च शिक्षा के विकास और विस्तार के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं । देश भर में स्कूली शिक्षा को भी मजबूत करने का प्रयास किया गया है। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार बजट में 6.65% की वृद्धि दिखाई दे रही है जो कि सराहनीय है । शिक्षा के क्षेत्र में जो बजट बनाया गया है उससे विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं को मजबूत करने में और उसको विस्तार देने में सहजता होगी।

उच्च शिक्षा विभाग को कुल बजट का 39 % दिया गया है । इस निर्णय से उच्च शिक्षा संस्थानों को काफी लाभ मिलेगा।

## आम बजट कुर्सी बचाओ बजट है :रियाजुद्दीन खान



केंद्र सरकार के 2025 के आम बजट पर प्रदेश कांग्रेस कार्य समिति सदस्य रियाजुद्दीन खान की प्रतिक्रिया झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य रियाजुद्दीन खान ने केंद्र सरकार के 2025 के आम बजट को कुर्सी बचाओ बजट की संज्ञा दी है।

उन्होंने कहा यह बजट केंद्र सरकार की दो बैसाखियों नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू को खुश करके सिर्फ केंद्र सरकार को बचाने का उपाय किया है और 2025 में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव मैं अपना वोट बैंक बनाने के लिए बिहार पर विशेष ध्यान दिया है वहीं बिहार के पड़ोसी राज्य झारखंड की अनदेखी की गई है जो की पक्षपात पूर्ण रवैया है।

## यह बजट जन हितकारी है: सरयू राय



बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए विधायक सरयू राय ने कहा कि यह बजट जन हितकारी है। सभी वर्गों के लिए कुछ न कुछ इस बजट में है। मध्यम वर्ग को बड़ी राहत मिली है। अब वो ज्यादा बचत करेंगे या ज्यादा निवेश करेंगे या ज्यादा खर्च करेंगे। इसका फायदा अर्थव्यवस्था को होगा। जीडीपी बढ़ेगी और ओवरऑल अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

## मोदी सरकार ने उन्नत भारत, विकसित भारत , आत्मनिर्भर भारत की एक तस्वीर प्रस्तुत की है: राकेश सिंह



भारतीय जनता पार्टी जमशेदपुर महानगर के पूर्व महामंत्री राकेश सिंह ने प्रस्तुत केंद्रीय बजट को सर्वस्पर्शी, सर्वसमावेशी बताया ,समाज के सभी वर्गों मजदूर, किसान युवा ,बुजुर्ग सभी के हित को ध्यान में रखकर प्रस्तुत किया गया विकासशील बजट है।।।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी एवं सशक्त नेतृत्व में केंद्रीय बजट 2025-26 के तहत मध्यम वर्ग को बड़ी राहत देते हुए ?12 लाख की आय को कर मुक्त करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। जनहितकारी दवाओं को करमुक्त, छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय प्रयास सहित उन्नत भारत, विकसित भारत , आत्मनिर्भर भारत की एक तस्वीर प्रस्तुत की है इससे भविष्य में अच्छे , परिणाम दिखेंगे।

## राजनीतिक स्वार्थ से प्रेरित है केंद्रीय बजट' 2025- डॉ. अजय



**जमशेदपुर**: पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वरीय नेता डॉ अजय कुमार ने संसद में पेश किए गए केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट आगामी विधानसभा चुनाव को द्यान में रखते हुए अपनी राजनीतिक लाभ के लिए बनाया है. उन्होंने कहा कि नौकरियाँ तो हैं नहीं, मध्यम वर्ग हर तरफ से शोषित है. वहीं 80 करोड़ जनता मुफ्त भोजन पर निर्भर है.10 साल तक मध्यम वर्ग पिस्ता रहा है. महँगाई चरम सीमा पर है. सबसे बड़ी बात है कि एक तरफ इन्कम टैक्स में छूट देने की घोषणा की गई वहीं दूसरी ओर पॉपकॉर्न पर जीएसटी लगा दिया गया. आलम यह है कि गब्बर सिंह टैक्स(जीएसटी) ने लोगो की कमर तोड़ दी है.

राष्ट्र संवाद

# सार-संक्षेप

## उलीडीह पुलिस ने चोरी मामले में 12 घंटे के भीतर किया खुलासा, नाबालिग सहित दो आरोपी गिरफ्तार



**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**जमशेदपुर** :उलीडीह के सुभाष कॉलोनी में हुई नकद 25 हजार रुपये और 15 लाख की जेवर चोरी की घटना का खुलासा पुलिस की ओर से कर दिया गया है. पुलिस ने पूरे मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. इसमें एक नाबालिग भी शामिल है. घटना का उद्भेदन करते हुए सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने बताया कि घटना में चोरी गई जेवर को बरामद कर लिया है, लेकिन नकदी की बरामदगी नहीं हो सकी,गिरफ्तार आरोपी उलीडीह थाना क्षेत्र के शांति नगर संजय पथ का रहने वाला है और उसका नाम आदित्य कुमार उर्फ हर्ष है. इसके अलावा एक किशोर भी हाथ या है. किशोर ने ही घटना का राज खोला है. किशोर ने पुलिस को बताया कि घटना को 29 जनवरी को अंजाम दिया गया था. घटना के दिन उसने खिड़की से चाभी निकाली थी और घर के भीतर घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया था.घटना के बारे में किशोर ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि उसने चोरी का सामान आदित्य के घर में रखा था. पुलिस को मामले में सफलता एक बिना नंबर की पल्सर बाईक ने दिलाई है. यहीं से पुलिस को सुराग मिली थी. पल्सर बाइक से ही घटना के दिन आदित्य अपने साथ किशोर को भी लाया था.

## उपायुक्त के निदेर्शानुसार सभी प्रखंडों के नोडल ने आवसीय विद्यालयों का किया निरीक्षण



**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

उपायुक्त अनन्य मित्तल के निदेर्शानुसार सभी 11 प्रखंडों के लिए नामित नोडल पदाधिकारी द्वारा प्रत्येक शनिवार को अपने प्रखंड क्षेत्र का निरीक्षण किया जाता है । इसी क्रम में आज सभी प्रखंडों के नोडल ने अपने प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में छात्रावास की भौतिक स्थिति/ संरचना, छात्रावास की क्षमता, निवासरत छात्र-छात्राओं की संख्या, रंग रोगन है या नहीं, सफाई व्यवस्था, कमरे और बिस्तरों की स्थिति, पीने के पानी का स्रोत, शौचालय की स्थिति, बिजली की उपलब्धता, सोलर बिजली की उपलब्धता, नियमित स्वास्थ्य जांच, खेल कूद की सुविधाएं, चौकीदार/ सुरक्षा गार्ड की उपस्थिति, अध्ययन के लिए अलग कमरा उपलब्ध है नहीं, स्वास्थ्य जांच की अंतिम तिथि, शिकायत रजिस्टर, मेनू के अनुसार भोजन दिया जाता है या नहीं आदि बिन्दुओ पर जांच की गई। इस क्रम में परियोजना निदेशक आईटीडीए श्री दीपांकर चौधरी ने घाटशिला, निदेशक एनईपी संतोष गर्ग ने गुड़ाबांदा, एडीसी भगीरथ प्रसाद ने पटमदा, कार्यपालक दण्डाधिकारी चंद्रजीत सिंह ने जमशेदपुर सदर, कार्यपालक दण्डाधिकारी सुदीप्त राज ने मुसाबनी, जिला कल्याण पदाधिकारी शंकराचार्य समद ने मुसाबनी, एलआरडीसी घाटशिला निखिल सुरीन ने बहरागोड़ा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जफर खिजरी ने डुमरिया, एलआरडीसी धालभूम गौतम कुमार ने पोटका, जिला परिवहन पदाधिकारी ने जुगसलाई नगर परिषद, जिला पंचायत राज पदाधिकारी ने जेएनएसी में आवासीय विद्यालयों की जांच किया।

उपायुक्त ने पदाधिकारियों के क्षेत्र भ्रमण को लेकर कहा कि आवासीय विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, पठन-पाठन की स्थिति, भवन की स्थिति आदि विभिन्न बिंदुओं पर जांच को लेकर नोडल पदाधिकारियों ने निरीक्षण किया।

## फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर निकाली गई जागरूकता रैली, उपायुक्त एवं एनसीसी कमांडिंग ऑफिसर ने दिखाई हरी झंडी



**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

फाइलेरिया उन्मूलन के लिए 10 से 25 फरवरी तक मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम चलाया जायेगा। अभियान के प्रति जनजागरूकता को लेकर समाहरणालय परिसर से एनसीसी कैडर के द्वारा रैली निकाली गई जिसे जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त श्री अनन्य मित्तल एवं एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

उपायुक्त ने बताया कि 10 फरवरी को चिन्हित बूथों पर वहीं छूटे हुए लोगों को 11 से 25 फरवरी तक दवा प्रशासक घर-घर जाकर अपने सामने डीइसी व एल्बेंडाजोल की खुराक खिलायेंगे।

कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन केंद्र एवं राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने फाइलेरिया उन्मूलन के लिए जिले के सभी लोगों से दवा लेने की अपील की। अभियान के दौरान सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व हेल्थ सब सेंटर, सदर अस्पताल पर लोगों को दवा खिलायी जायेगी। एक से दो साल तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल की आधी गोली (200 एमजी) पानी में घोलकर, दो से पांच वर्ष तक को डीइसी की एक गोली (100 एमजी), एल्बेंडाजोल की एक गोली (400 एमजी), 6 वर्ष से 14 वर्ष तक डीइसी की दो गोली (200 एमजी), एल्बेंडाजोल की एक गोली, 15 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को डीइसी की तीन गोली 300 (एमजी) व एल्बेंडाजोल की एक गोली खिलायी जायेगी।

## फाइलेरिया मुक्त शहर के लिए एनसीसी कैडेट्स द्वारा निकाली जागरूकता रैली

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

जमशेदपुर को फाइलेरिया मुक्त बनाने के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत 10 फरवरी से 25 फरवरी तक पूरे शहर में फाइलेरिया रोधी दवा पिलाई जाएगी। इसे लेकर आज शहर में एनसीसी (ठउउ) कैडेट्स द्वारा एक जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें लोगों को फाइलेरिया के खतरे और इसके रोकथाम के उपायों के बारे में बताया गया।फाइलेरिया एक गंभीर संक्रामक रोग है, जो मच्छरों के काटने से फैलता है।

## संपादक की कलम से

# विकास की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है बजट

**देवानंद सिंह**




केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को 2025-26 का बजट पेश किया, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्णकालिक बजट है। यह बजट विभिन्न क्षेत्रों में सुधार, नवाचार और विकास की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। वित्त मंत्री ने इस बजट को ह्यविकसित भारतह्व के सपने को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया, जिसमें कृषि, एमएसएमई (लघु एवं सूक्ष्म उद्योग), निर्यात और निवेश को विकास के चार प्रमुख इंजन के रूप में चिन्हित किया गया।

इस बजट का सबसे बड़ा आकर्षण वेतनभोगी करदाताओं के लिए कर मुक्त आय की सीमा को 12 लाख रुपए तक बढ़ाना है। यह निर्णय मध्यम वर्ग और नौकरीपेशा लोगों को राहत देने वाला है, जिससे उनके पास खर्चे और निवेश के लिए अधिक पैसे बचेंगे। इस कदम से न केवल घरेलू खर्चों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि निवेश और बचत की दिशा में भी सुधार होगा। हालांकि, सरकार के खजाने पर इसका असर 1 लाख करोड़ रुपए का पड़ेगा, जो एक बड़ी वित्तीय चुनौती हो सकती है, लेकिन इसके दूरगामी सकारात्मक प्रभाव भी देखने को मिलेंगे।

नए कर स्लैब में बदलाव को विशेष रूप से मध्यम और उच्च आय वर्ग के लिए लाभकारी माना जा रहा है। 12 लाख रुपए तक की आय पर टैक्स छूट, 12 से 16 लाख रुपए तक की आय पर 15%, 16 से 20 लाख रुपए तक 20% और 24 लाख रुपए से ऊपर की आय पर 30% टैक्स का प्रावधान किया गया है। यह कर सुधार निश्चित रूप से करदाताओं के बीच प्रसन्नता का कारण बनेगा और आर्थिक गतिविधियों को गति देने में मदद करेगा।

इसके अलावा, इस बजट में कृषि क्षेत्र को विशेष प्राथमिकता दी गई है। प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना के तहत 100 जिलों में कृषि उत्पादकता को बढ़ाने के लिए जो कदम उठाए जाने की घोषणा की है, वह भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इन जिलों में कृषि उत्पादकता कम होने के कारण 1.7 करोड़ किसानों को लाभ मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा, बिहार में मखाना उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए मखाना विकास बोर्ड की स्थापना की भी घोषणा की गई है, जो किसानों के लिए एक नई उम्मीद का स्रोत बनेगा। कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाने के लिए सरकार ने खाद्य तेलों में आत्मनिर्भरता के लिए राष्ट्रीय तेल मिशन को लागू करने का भी ऐलान किया है।

सरकार का ध्यान दलहन, तुअर और मसूर जैसी दालों की पैदावार बढ़ाने पर भी है, जिससे किसानों की आय में वृद्धि हो सके। इसके अलावा, किसानों को क्रेडिट कार्ड के जरिए कर्ज की सीमा बढ़ाकर 3 लाख से 5 लाख रुपए करने की घोषणा की गई है, जिससे उनकी आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा। लघु और सूक्ष्म उद्योग (एमएसएमई) को भारतीय विकास के दूसरे इंजन के रूप में माना गया है, जो साढ़े सात करोड़ लोगों को रोजगार देता है और देश के कुल निर्यात में 45% योगदान करता है। इस क्षेत्र के लिए निवेश की सीमा 2.5 गुना बढ़ाने का निर्णय लिया गया है, जिससे रोजगार के अवसर पैदा होंगे और क्षेत्र की। प्रतिस्पर्धात्मकता में वृद्धि होगी। इसके अलावा, फुटवियर और लेदर क्षेत्र के लिए फोकस प्रोडक्ट स्कीम की घोषणा की गई है, जिससे 22 लाख लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है और 11 लाख करोड़ रुपए का निर्यात होने की उम्मीद है।

वहीं, महिलाओं और अनुसूचित जातियों तथा जनजातियों के उद्यमियों के लिए विशेष योजना का ऐलान किया गया है, जिसके तहत दो करोड़ रुपए तक का टर्म लोन दिया जाएगा और ऑनलाइन प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। यह कदम भारतीय समाज में महिलाओं और अन्य कमजोर वर्गों के लिए समान अवसर प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण है और इससे उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा। निर्यात को बढ़ावा देने के लिए एक नया एक्सपोर्ट प्रमोशन मिशन स्थापित किया गया है, जिसका उद्देश्य भारतीय उत्पादों की अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा को बढ़ाना है। साथ ही, इंडिया पोस्ट बैंक की क्षमता को ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ाया जाएगा, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। सीमा शुल्क अधिनियम में अस्थायी मूल्यांकन को अंतिम रूप देने के लिए दो साल की समय सीमा तय करने से व्यापारियों और उद्योगपतियों को भी राहत मिलेगी और व्यापार प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी।

कुल मिलाकर, केंद्रीय बजट 2025-26 को कृषि, एमएसएमई, निर्यात, और निवेश के क्षेत्र में सुधार लाने के लिए एक ठोस कदम के रूप में देखा जा सकता है। कर व्यवस्था में सुधार, कृषि क्षेत्र को मजबूती देने के उपाय, और महिला एवं अल्पसंख्यक उद्यमिता को बढ़ावा देने के फैसले निश्चित रूप से भारतीय समाज में आर्थिक समानता और समृद्धि लाने की दिशा में अहम कदम हैं। हालांकि, इन सुधारों को सही तरीके से लागू करने के लिए सरकार को कठोर निगरानी और प्रभावी कार्यान्वयन की आवश्यकता होगी। यदि ये कदम सही दिशा में काम करते हैं, तो यह बजट भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# राष्ट्रपति मुर्मू पर बेचारी लेडी का कटाक्ष दुर्भाग्यपूर्ण

**ललित गर्ग**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लेकर सोनिया गांधी की टिप्पणी को भारतीय जनता पार्टी एवं अन्य राजनीतिक दलों ने ही नहीं, बल्कि आम लोगों ने भी आपत्तिजनक, अशालीन एवं स्तरहीन बताया है। राष्ट्रपति भवन ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। यह बयान न केवल गलत है, बल्कि राष्ट्रपति पद की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला है। संसद के बजट सत्र के पहले राष्ट्रपति के अभिभाषण पर सोनिया गांधी ने जिस तरह एवं जिन शब्दों में अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की, उस पर विवाद खड़ा हो जाना इसलिये स्वाभाविक है क्योंकि यह बयान दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण होने के साथ पूर्वाग्रह एवं दुराग्रह से ग्रस्त है। सार्वजनिक जीवन में जिम्मेदार पदों पर बैठे नेताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी भाषा और आरोपों को लेकर सतर्क, शालीन एवं शिष्ट रहे। विशेषतः कांग्रेस के नेता अक्सर अपने बोल, बयान एवं भाषा की शिष्टता से चुकते रहे हैं। भारत की लोकतांत्रिक और संवैधानिक व्यवस्था में सबसे प्रतिष्ठित पद राष्ट्रपति का है। लेकिन, सोनिया गांधी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर जिस तरह से राजनीति प्रेरित होकर विचार एवं नीतियों की आलोचना करने की बजाय सीधा राष्ट्रपति पर कटाक्ष किया है, उससे इस पद की गरिमा को गहरा आघात लगा है।

राष्ट्रपति का अभिभाषण सरकार की नीतियों एवं योजनाओं को रेखांकित करता है, इसमें राष्ट्रपति की अपनी कोई विशिष्ट विचारधारा नहीं होती, इसलिए विपक्ष चाहे तो नीतियों एवं योजनाओं की आलोचना कर सकता है, यह उसका अधिकार होता है। वह इस अधिकार का उपयोग करता है और उसे करना भी चाहिए, लेकिन इस लोकतांत्रिक अधिकार का उपयोग राष्ट्रपति के व्यक्तित्व का छिद्रान्वेशन करना कैसे हो सकता है? यह अच्छा नहीं हुआ कि सोनिया गांधी ने अभिभाषण में व्यक्त विचारों के गुण-दोष पर कोई टिप्पणी करने के स्थान पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु पर ही कटाक्ष एवं तंज कस दिया। उन्हें यह कहने की आवश्यकता नहीं थी कि अभिभाषण के आखिर तक आते-आते राष्ट्रपति बहुत थक गई थीं। कठिनाई से बोल पा रही थीं। बेचारी महिला। पता नहीं सोनिया गांधी ने यह निष्कर्ष कैसे निकाल लिया और यदि निकाल भी लिया तो उन्हें उसे बेचारी महिला जैसे शब्दों में व्यक्त नहीं करना चाहिए था, यह उनकी राजनीति अशिष्टता, अशालीनता, अहंकार एवं अपरिपक्वता का ही द्योतक है। ऐसा लगता है कांग्रेस एवं उनके शीर्ष नेताओं की चेतना में स्वस्थ समालोचना के बजाय विरोध की चेतना मुखर रहती है। ऐसे अमर्यादित एवं अशोभनीय आलोचना ने राष्ट्रपति पद की अस्मिता एवं अस्तित्व पर सीधा एवं तीखा आक्रमण कर दिया है।



यह आश्चर्य का नहीं बल्कि सर्तकता, समयज्ञता एवं जागरूकता विषय है कि राष्ट्रपति भवन को सोनिया गांधी की टिप्पणी पर अपनी अप्रसन्नता व्यक्त करनी पड़ी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लेकर सोनिया गांधी की टिप्पणी पर कड़ी प्रतिक्रिया देनी पड़ी है और कांग्रेस के बयान को न केवल गलत कहा, बल्कि इसे राष्ट्रपति पद की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला भी बताया। राष्ट्रपति ने हिंदी जो उनकी मातृभाषा नहीं है, फिर भी उन्होंने बहुत ही बेहतरीन एवं प्रभावी भाषण दिया, लेकिन कांग्रेस का शाही परिवार उनके अपमान पर उतर आया है। राष्ट्रपति भवन ने अपने बयान में कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने संबोधन के दौरान किसी भी पल थकी नहीं थीं, उन्होंने पूरे आत्मविश्वास और ऊर्जा के साथ संसद को संबोधित किया। विशेष रूप से जब वे हाशिए पर खड़े समुदायों, महिलाओं और किसानों के अधिकारों की बात कर रही थीं, तब वे और भी ज्यादा संकल्पित एवं ऊर्जा से भरी हुए थीं। राष्ट्रपति को विश्वास है कि इन वर्गों की आवाज उठाना कभी भी थकावट का कारण नहीं बन सकता, बल्कि यह उनके कर्तव्य का एक अहम हिस्सा है। इसके अलावा, राष्ट्रपति भवन ने कांग्रेस नेताओं की हिंदी भाषा की समझ पर भी सवाल उठाए। बयान में कहा गया कि संभवतः ये नेता हिंदी भाषा की लोकोक्तियों और मुहावरों से भली-भांति परिचित नहीं हैं, जिसके कारण उन्होंने राष्ट्रपति के भाषण की गलत व्याख्या कर ली। राष्ट्रपति भवन ने कहा कि ऐसे भ्रामक और दुर्भावनापूर्ण बयानों से बचा जाना चाहिए, जो न केवल अनावश्यक विवाद खड़ा करते हैं, बल्कि देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद की गरिमा को भी ठेस पहुंचाते हैं। राष्ट्रपति भवन ने कांग्रेस नेताओं के बयानों को खराब और दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए यह भी कहा कि इस तरह की टिप्पणियां पूरी तरह से अनुचित हैं और इन्हें टाला जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में जिम्मेदार पदों पर बैठे नेताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी भाषा और आरोपों को लेकर सतर्क रहें। राष्ट्रपति भवन की यह कठोर प्रतिक्रिया कांग्रेस नेताओं के लिये सबक एवं सीख बननी चाहिए।

स्वाभाविक रूप से कांग्रेस नेताओं और खुद प्रियंका गांधी ने सोनिया गांधी का बचाव किया, लेकिन यह समझा जा सके तो बेहतर होता कि उन्हें अपने शब्दों के चयन में सावधानी बरतनी चाहिए थी। ऐसे बयान ने न केवल गैरजिम्मेदाराना एवं विध्वंसात्मक इरादों को ही नहीं, छल-कपट की राजनीति को भी बेनकाब किया है। कांग्रेस न जाने क्यों मानसिक दुर्बलता की शिकार है कि उसे अंधेरे सायों से ही प्यार है। ऐसे राजनीतिक दलों एवं सोनिया गांधी जैसे राजनेताओं की आंखों में किरणें आंज दी जाएं तो भी वे यथार्थ को नहीं देख सकते। क्योंकि उन्हें उजालों के नाम से ही एलर्जी है। तरस आता है सोनिया जैसे राजनेताओं की बुद्धि पर, जो सूरज के उजाले पर कालिख पोतने का असफल प्रयास करते हैं, आकाश में पैबन्द लगाना चाहते हैं और सछिद्र नाव पर सवार होकर राजनीतिक सागर की यात्रा करना चाहते हैं। इसीलिये राष्ट्रपति भवन ने यह सही कहा कि सोनिया गांधी की ओर से जो टिप्पणी की गई, वह सर्वथा टालने योग्य थी। शीर्ष नेताओं को अपनी बात कहते समय पद की गरिमा के साथ अपने शब्द चयन में सावधानी बरतनी चाहिए। उस समय तो और भी जब टिप्पणी राष्ट्रपति के संदर्भ में की जा रही हो। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु जिस सामाजिक परिवेश और पृष्ठभूमि से आती हैं, उसे देखते हुए तो और भी संवेदनशीलता दिखानी चाहिए। समस्या यह है कि सोनिया गांधी हों या राहुल गांधी, वे किसी की आलोचना करते समय शब्दों के सही चयन में प्रायः चूक कर जाते हैं। जब ऐसा होता है तो यही ध्वनित होता है कि गांधी परिवार के सदस्य अहंकार में डूब कर अपनी राजशाही मानसिकता का परित्याग नहीं कर पा रहे हैं।

सोनिया गांधी अपने आपको सक्षम राजनीतिज्ञ मानती होंगी, वे विरोध एवं व्यक्तिगत आलोचना की राजनीति की खिलाड़ी भी स्वयं को साबित करने में जुटी हो, भले ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विरोध में सारी हदें लांघी हो, लेकिन भारत की राजनीति केवल विरोध पर जीवंत नहीं रह सकती। राजनीति में समालोचना नितांत अपेक्षित है, समालोचक होना और समालोचना करना बहुत बड़ी बात है, पर जब नेता सर्वोच्च पद पर बैठे व्यक्तित्व की गरिमा को ही खंडित करता है, अपने विवेक को गिरवी रखकर समालोचना करता है, उसे समालोचना नहीं, स्तरहीन विरोध ही कहा जायेगा। ऐसे विरोध के प्रति दया का भाव ही जताया जा सकता है, उसका उत्तर नहीं दिया जा सकता। आखिर निषेधात्मक भावों का उत्तर कब तक दिया जाए? कांग्रेस की इस श्रृंखला का कहीं अंत ही दिखाई नहीं देता। रचनात्मक समालोचना हो, तथ्यों के आधार पर हो, विवेकसम्मत हो तो उसके बारे में चिंतन भी किया जा सकता है। लोकतंत्र समालोचना का विरोधी नहीं है, बल्कि स्वस्थ एवं शालीन समालोचना का स्वागत ही होता है, इससे राजनीति परिपक्व एवं मजबूत होती है, किन्तु नमक की रोटी का क्या स्वागत किया जाए? कुछ आटा हो तो नमक की रोटी भी काम की हो सकती है। पर जिसमें कोरा नमक ही नमक हो, वह स्पृहणीय कैसे बन सकती है। प्रश्न है कि इस तरह की दूषित राजनीति एवं पूर्वाग्रहों के घनघोर परिवेश से लोकतंत्र एवं राष्ट्रपति जैसा सर्वोच्च पद कब तक आहत होता रहेगा? सोनियाजी राजनीति ही करनी है तो मूल्यों की राजनीति करो, देश सेवा की राजनीति करो, जनता के दिलों को जीतने की राजनीति करो। उजालों पर कालिख पोतने का प्रयास एवं चरित्र हनन के उद्देश्य से किया जाने वाला ऐसा राजनीतिक प्रयत्न कितना जघन्य होता है, समझने वाली जनता अच्छी तरह समझती है।

# नया आयकर कानून ( डायरेक्ट टैक्स कोड बिल 2025) लाने की घोषणा-पुराना टैक्स रिजीम समाप्ति की ओर

**किशन सनमुखदास भावनानी**

वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियाँ की नजरें भारत द्वारा आज 1 फरवरी 2025 को पेश किए गए 1 घंटा 17 मिनट्स के पूर्ण बजट पर लगी हुई थीक्योंकि पूरी दुनियाँ में आज भारत एक बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में चिन्हित हो चुका है व अपने विजन 2047 के रणनीतिक रोडमैप के सटीक कदम बढ़ाते जा रहा है,इसलिए अब जरूरी हो गया है कि हमें आर्थिक विकास दर कम से कम एक दशक तक 8 पेर्सेंट की दर से बनाए रखना है, इसलिए हर साल बजट पर ध्यान देना जरूरी हो गया है,चूँकि यूनियन बजट या आम बजट सरकार के खर्च और कमाई का पूरा लेखा-जोखा है।जिस तरह से हम अपने घर का बजट बनाते हैं कि कितनीइनकम होगी और कितना खर्च होगा और अंत में बचत कितनी होगी। साधारण भाषा में कहा जा सकता है कि बजट आमदनी और खर्च का हिसाब-किताब है। सरकार और एक आम आदमी के बजट में बेहद मामूली फर्क होता है। आम आदमी सिर्फ अपने घर का बजट बनाता है, जबकि सरकार को पूरे देश का बजट बनाना पड़ता है।11.01 मिनट पर सीतारमण ने बजट भाषण शुरू किया। आज दिनांक 1 फरवरी 2024 सुबह 11 बजे 1 घंटा 17 मिनट के बजट भाषण के दौरान उन्होंने 5 बार 11.24 बजे, 11.27 बजे, 11.44 बजे, 11.56 बजे और 12.16 बजे पानी पिया।बजट 2025 में महिलाओं किसानों युवाओं बुजुर्गों को छप्पर फाड़ तोहफे दिए गए हैं।निर्मला सीतारमण के बजट में इनकम टैक्स पेयर्स को बड़ी राहत मिली है। अब नौकरीपेशा लोगों को नई टैक्स रिजीम के तहत 12 लाख तक की सालान इनकम पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। वहीं अब पिछले 4 साल का आईटी रिटर्न एकसाथ फाइल कर सकेंगे। सीनियर सिटीजंस के लिए टीडीएस की सीमा 50 हजार से बढ़ाकर 1 लाख कर दी गई है।वित्त मंत्री ने कहा-यह बजट विकास पर फोकस हैं।यह बजट सरकार की विकास को बढ़ाने, सभी के डेवलपमेंट, मिडिल क्लास की क्षमता को बढ़ाने के लिए समर्पित है। हमने इस सदी के 25 साल पूरा करने जा रहे हैं। हमारी विकसित भारत की उम्मीदों ने हमें प्रेरणा दी है।हमारी अर्थव्यवस्था सभी बड़ी इकोनमी में सबसे ज्यादा तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है।लोकसभा की कार्यवाही की शुरू होते ही विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया।कई सांसद नारेबाजी करते दिखे।जयराम नरेश बोले- टैक्स टेररिज्म खत्म हो।चूँकि पूर्ण बजट 2025 में मध्यम वर्ग महिला किसान युवा बुजुर्गों सभी को छप्पर फाड़ उम्मीद से अधिक मिला।नया आयकर कानून ( डायरेक्ट टैक्स कोड बिल 2025) लाने की घोषणा-पुराना टैक्स रिजीम समाप्ति की ओर इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, पूर्ण बजट 1 फरवरी 2025 @ मध्यम वर्ग,किसान महिला बुजुर्गों, युवाओं की बल्ले बल्ले।

साथियों बात अगर हम 1 फरवरी 2025 को केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा घोषित बजट में बड़े एलानो की करें तो बजट में बड़े ऐलान (1) न्यू इनकम टैक्स बिल अगले हफ्ते लाया जाएगा।इन डायरेक्ट टैक्स रिफॉर्म को बाद में बताएंगे। (2) मिडिल क्लास को छप्पर फाड़ के फायदा 12 लाख तक कोई टैक्स नहीं (3) कैंसर की दवाएं सस्ती होंगी, (4)पिछले 4 साल का आईटी रिटर्न एकसाथ फाइल कर सकेंगे। (5) अगले 6 साल मसूर, तुअर जैसी दालों की पैदावार बढ़ाने के लिए फोकस। (6) कपास की पैदावार बढ़ाने के लिए 5 साल का मिशन, इससे देश का कपड़ा उद्योग मजबूत बनेगा। (7) किसान क्रेडिट कार्ड पर कर्ज की लिमिट 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख होगी।(9) बिहार में मखाना बोर्ड बनेगा, इससे छोटे किसानों और व्यापारियों को फायदा। (10) छोटे उद्योगों को विशेष क्रेडिट कार्ड, पहले साल 10 लाख कार्ड जारी होंगे।(11) एमएसएमई के लिए लोन गारंटी कवर 5 करोड़ सेबढ़ाकर (12) करोड़, 1.5 लाख करोड़ तक का कर्ज मिलेगा (13) स्टार्टअप के लिए लोन 10 करोड़ से बढ़ाकर 20 करोड़ रुपए किया जाएगा। गारंटी फीस में भी कमी होगी। (14) खिलौना उद्योग के लिए मेक इन इंडिया के तहत विशेष योजना शुरू की जाएगी। (15) 23 आईआईटी में 1.35 लाख स्टूडेंट्स मौजूद - आईआई टी पटना का विस्तार होगा। (16) एक्सीलेंस फॉर आर्टिफिशियल फॉर एआई के लिए 500 करोड़ रुपए का ऐलान। (17) मेडिकल एजुकेशन में अगले 5 साल में 75 हजार सीटें बढ़ाने का ऐलान।

साथियों बात कर हम बजट मध्यम वर्ग के लिए 13 बड़े ऐलानों की करें तो, मध्यम वर्ग के लिए 13 ऐलान,किराया आमदनी पर टीडीएस छूट 6 लाख रुपए (1) अब 12 लाख की कमाई पर कोई टैक्स नहीं। नौकरीपेशा लोगों के लिए 75 हजार स्टैंडर्ड डिक्शन के साथ टैक्स लिमिट 12.75 लाख। (2)बुजुर्गों के लिए टैक्स छूट डबल की गई (3)टीडीएस की सीमा 10 लाख रुपए की गई। (4) 4 साल तक अपडेटेड आईटीआर भर सकेंगे। (5) किराया आमदनी परटीडीएस छूट 6 लाख रुपए की गई। (6) मोबाइल फोन और ई-कार सस्ती होंगी। (7) ईवीं और मोबाइल की लीथियम आयन बैटरी सस्ती होगी। (8) एलईडी-एलसीडी टीवी सस्ती होंगी। कस्टम ड्यूटी घटाकर 2.5 पेर्सेंट की गई।(9) देश में अगले हफ्ते नया इनकम टैक्स बिल लाया जाएगा।(10)1 लाख करोड़ रुपए का अर्बन चैलेंज फंड बनेगा। (11) शहरी क्षेत्र के गरीबों की आय बढ़ाने की योजना आएगी। (12) एक लाख अधूरे घर पूरे होंगे, 2025 में 40 हजार नए मकान हैंडओवर किए जाएंगे।(13) हर घर नल से जल पहुंचाने जल जीवन मिशन कार्यक्रम 2028 तक बढ़ेगा।

साथियों बात अगर हम बजट में बुजुर्गों और महिला उद्यमियों के लिए ऐलानों की करें तो, महिलाओं के लिए 3 ऐलानः (1) पहली बार उद्यमी को दो करोड़ का टर्म लोन(2)एससी -एसटी की एमएसएमई महिला उद्यमियों के लिए विशेष लोन योजना। (3) पहली बार उद्यमी बनने वाली महिलाओं को दो करोड़ का टर्म लोन मिलेगा। बुजुर्ग के लिए 6 ऐलानः सीनियर सिटिजंस के लिए टैक्स छूट दोगुनी(1) सीनियर सिटिजंस के लिए टैक्स छूट दोगुनी, 50 हजार से बढ़ाकर 1 लाख रुपए। (2) 36 जीवन रक्षक दवाएं पूरी तरह से टैक्स फ्री। (3) देश में 200 डे-केयर कैसर सेंटर बनेंगे। (4) मेडिकल उपकरण और कैंसर की दवाएं सस्ती होंगीं। (5) 6 जीवन रक्षक दवाओं पर कस्टम ड्यूटी 5 पेर्सेंट घटाई। (6) 13 मरीज सहायता कार्यक्रम बेसिक कस्टम ड्यूटी से बाहर।

# दादा साहेब आपटे : एक कर्मशील जीवन की दो महानतम उपलब्धियां

**जितेन्द्र तिवारी**

एक सौ बीस साल पहले, आज ही (2 फरवरी) के दिन शिवराम शंकर (दादा साहेब) आपटे का जन्म हुआ था। दूरद्रष्टा विद्वान और कुशल संगठनकर्ता होने के नाते ही हम सब श्रद्धापूर्वक दादा साहेब आपटे का पुण्य स्मरण करते हैं। 45 साल के अपने जीवन में दो महानतम उपलब्धियां- एक संगठन और एक संस्थान की स्थापना का अनुपम कार्य, इसके चलते वे कालजयी रहेंगे। भारत में भारतीय भाषाओं की एकमात्र न्यूज एजेंसी में कार्य करने का जो गौरव हम महसूस करते हैं, 1948 में इसकी नींव दादा साहेब आपटे ने ही रखी थी। ह्यगर्व से कहो हम हिन्दू हैंह्व- यह जयघोष जिस संगठन के माध्यम से विश्वव्यापी हुआ, 1964 में विश्व हिन्दू परिषद् की स्थापना के शिल्पी भी दादा साहेब आपटे ही थे।

दादा साहेब आपटे के व्यक्तित्व और कृतित्व को एक लेख या कुछ सौ शब्दों में व्यक्त या प्रस्तुत कर पाना असंभव सा कार्य है। वह भी ऐसा जीवन जिसमें एक समय के बाद बहुत व्यापक परिवर्तन हुआ हो। गुजरात के वडोदरा के एक कुलीन परिवार में 02 फरवरी 1905 को जन्में शिवराम शंकर आपटे 35 वर्ष की आयु तक जीवन की एक अलग धारा में तैर रहे थे। कानून की डिग्री हासिल कर वकालत करने बाम्बे गए तो एक शाही अंदाज था। सूट, बूट, हैट और सिगार वाले शिवराम शंकर को यह सौभाग्य मिला कि वे स्वातंत्र्यवीर सावरकर के सान्निध्य में चले गए। वीर सावरकर के घर किराएदार बनकर। उधर वकालत करने के बाद वे जिस पार्क में आकर बैठते थे, वहां राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की एक शाखा भी लगती थी, जिसके चलते वे आबाजी थत्ते के संपर्क में भी आए।

वीर सावरकर और संघ के सुमेल का उन पर गहरा प्रभाव पड़ा। इसी के चलते अपनी 32 वर्ष की आयु में पिताजी के निधन के बाद पारिवारिक जिम्मेदारी निभाकर ही संघ के पूर्णकालिक प्रचारक बने।

# डॉ सुधानंद झा ज्योतिषी द्वारा प्रस्तुत दैनिक राशिफल

**डॉ सुधानंद झा**



**मेष राशि**--आज सबसे अधिक आप अपने निर्णय पर ध्यान दीजिएगा,अपनी यात्राओं की योजना पर ध्यान दीजिएगा और अपने दांपत्य जीवन पर ध्यान दीजिएगा। आज आपका दिन सफलताओं से पर पूर्ण होगा

**२ वृष राशि**--अपने मधुर व्यवहार और अपने आदर्श विचार से आज आप सबको प्रभावित करेंगे इसलिए आज आपको लोगों का पूरा सहयोग मिलेगा। जहां तक संभव हो आप अपने संपत्ति और व्यवसाय को सुरक्षा देने का प्रयास कीजिए

**३ मिथुन राशि** --ईश्वर की कृपा से आज आपके मार्गदर्शन से बहुत सारे काम होंगे अपने परिवार अपने व्यावसायिक प्रस्थान अपने नौकरी और समाज में आपको नए-नए दायित्व मिलेंगे और लोग आपके नेतृत्व में कुछ विशेष कार्य संपन्न करना चाहेंगे।

**४ कर्क राशि** --जहां-जहां आप लापरवाही करेंगे भयंकर घाटा होगा और जहां-जहां आप सावधानी रखेंगे अंदर से प्रसन्न होकर कम कीजिएगा भारी लाभ होगा आपके अंदर में और आपके व्यवसाय में आपकी संपत्ति में पर्याप्त वृद्धि होगी। अपने घर परिवार के साथ-साथ बाहर के लिए भी काम कर सकते हैं अपने भाइयों से झगड़ा नहीं कीजिएगा माथा दर्द या रक्त की समस्या है तो अपने खान-पान पर पूरा ध्यान दीजिएगा।

**५ सिंह राशि** -अपने व्यवसाय कोआप जितना आगे बढ़ाना चाहेंगे बढ़ेगा अपने काम अपने आमदनी अपने मान सम्मान को आप जितना आगे बढ़ाना चाहेंगे बढ़ेगा आपकी संपत्ति में भी भारी वृद्धि होगी लोगों के द्वारा सम्मान भी मिलेगा

**६ कन्या राशि** --अपने व्यवहार पर पूरा ध्यान दीजिए अपने खान-पान पर पूरा ध्यान दीजिए घर में परिवार में आज मां मोटा हो सकता है भारी कलह हो सकता है। इसीलिए आज अपने भावनाओं पर नियंत्रण कीजिए

**७ तुला राशि** --आपके व्यवसाय में आपकी नौकरी में कहीं कोई बड़ा नहीं सब कुछ अच्छे से चलेगा इसलिए आज जानबूझकर कोई काम मत कीजिए गलत निर्णय नहीं लीजिए तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न नहीं कीजिए।

**८ वृश्चिक राशि** --आपका दिन हर प्रकार से सफल संपन्न और सम्मान देने वाला सिद्ध होगा इसके लिए आपको भी अपने व्यवहार अपने ज्ञान और अपनी बुद्धि का अच्छा उपयोग करना होगा। जैसे-जैसे दिन चढ़ता जाएगा आपकी व्यस्तता बढ़ती जाएगी

**९ धनु राशि** --अपने घर में तनाव उत्पन्न करने वालों से सावधानी से व्यवहार कीजिए छोटे से बात को लेकर भयंकर काला होगा और बात बहुत आगे बढ़ सकते हैं इसलिए आपके परिवार में जो लोग इमोशनल हैं स्वार्थी विचार के हैं ऐसे लोगों से सतर्क रहिए।

**१० मकर राशि** --आपके आए रोजगार और संपत्ति वृद्धि के लिए आज का दिन पूर्ण रूप से शुभ है। आपके व्यवहार आपके मधुर स्वभाव से लोग प्रभावित होंगे और आज आपको समाज के तरफ से आमदनी होगी

**कुम्भ राशि** --आपके व्यवसाय में आपकी आमदनी में आपकी प्रतिष्ठा में आज खूब वृद्धि होगी आज आपका मन खुश रहेगा अंदर से आनंद आएगा ।आपका मन खुश रहेगा ।आपका व्यवसाय तो आगे बढ़ेगा ही कुछ नए व्यवसाय भी मिल सकते हैं।

**१२मीन राशि** --अपने हित की बात सोचिए अपने भाग्य के लिए सोचिए अपने सफलता के लिए सोचिए अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए सोचिए अपने दांपत्य जीवन के लिए सोचिए अपने व्यवसाय वृद्धि के लिए सोचिए

**डा सुधा नन्द झा ज्यौतिषी जमशेदपुर झारखंड मो एवं वाट्सअप नंबर 9430336503**

# महाकुम्भ : सीसीटीवी फुटेज और टोपोग्राफी के आधार पर होगी मौनी अमावस्या हादसे की सघन जांच

**महाकुम्भनगर,एजेन्सी।**

महाकुम्भ में मौनी अमावस्या स्नान पर हुए हादसे की जांच के लिए गठित तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग ने अपनी कार्यवाही तेज कर दी है। आयोग के अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति हर्ष कुमार ने शुक्रवार को प्रयागराज में अधिकारियों के साथ पहली बैठक की। बैठक के बाद आयोग ने संगम नोज के निकट घटनास्थल का निरीक्षण भी किया। जांच आयोग के अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति हर्ष कुमार ने कहा कि घटनास्थल की टोपोग्राफी और परिस्थितियों का अध्ययन किया जा रहा है। सीसीटीवी फुटेज और अन्य सबूतों का गहराई से विश्लेषण किया जाएगा।

बता दें कि प्रयागराज महाकुम्भ में मौनी अमावस्या के मौके पर स्नान के लिए उमड़ी भीड़ में भगदड़ की स्थिति बन गई, जिसमें 30 लोगों की मौत हो गई थी और 60 अन्य घायल हो गए थे।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे की जांच के लिए तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग का गठन किया था। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति हर्ष कुमार की अध्यक्षता वाले इस आयोग में सेवानिवृत्त आईएएस अफसर डी. के. सिंह और सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी वी. के. गुप्ता भी शामिल हैं। आयोग को अपने गठन के एक महीने के अंदर मामले की जांच रिपोर्ट देनी होगी। इस सिलसिले में जारी अधिसूचना के मुताबिक आयोग भगदड़ के कारणों और परिस्थितियों की जांच करेगा। साथ ही भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति रोकने के सिलसिले में सुझाव भी देगा।

**घटनास्थल की जमीनी सच्चाई पर फोकस:** आयोग ने अधिकारियों से हादसे की परिस्थितियों और इलाके की भौगोलिक स्थिति पर विस्तृत जानकारी ली। न्यायमूर्ति हर्ष कुमार ने बताया कि यह आकस्मिक दुर्घटना थी लेकिन इसके पीछे के कारणों को सिलसिलेवार तरीके से समझने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि घटनास्थल पर निरीक्षण पूरा कर लिया गया है, लेकिन अगर दोबारा जांच की जरूरत पड़ी तो टीम फिर आएगी। आयोग के सदस्य, सेवानिवृत्त आईएएस डीके सिंह और सेवानिवृत्त आईपीएस वीके गुप्ता ने भी जांच में तेजी लाने की बात कही है। आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि हमारे पास केवल एक महीने का समय है, लेकिन जांच को प्राथमिकता के साथ तेजी से पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि जांच प्रक्रिया से महाकुम्भ में कोई व्यवधान न हो, इसका ध्यान रखा जाएगा। आयोग सभी तथ्यों का गहन विश्लेषण कर किसी ठोस निष्कर्ष पर पहुंचेगा।

**घायलों से जानकारी जुटाई जाएगी:** आयोग ने अस्पताल जाकर घायलों से भी बातचीत करने की योजना बनाई है। न्यायमूर्ति हर्ष कुमार ने कहा कि घायलों से मिली जानकारी जांच को सही दिशा देने में मदद करेगी। किसी एक पहलू पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय सभी संभावित कारणों पर विचार किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इससे पहले, आयोग के तीनों सदस्यों ने गुरुवार को लखनऊ के जनपथ स्थित अपने कार्यालय में पहुंचकर कामकाज की शुरुआत की थी। आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) हर्ष कुमार ने बताया था कि जांच को प्राथमिकता के आधार पर लिया जाना है इसलिए हमने घोषणा के कुछ ही घंटों के भीतर कार्यभार संभाल लिया है। नांदेड़ क्षेत्र में बोरवेल प्वाइंट को ब्लीचिंग पावर घोल का उपयोग करने के लिए नोटिस जारी किया गया है। कुछ राजनेता चाहे कुछ भी कहें, लेकिन इससे यह सच्चाई नहीं बदल सकती कि जलवायु संकट पहले ही दुनिया में आर्थिक तबाही मचा रहा है और ऐसे में हाथ पर हाथ धरे बैठे रहने की कीमत दुनिया को चुकानी पड़ेगी।

## सरस्वती पूजा रोकने की कोई भी कोशिश बर्दाश्त नहीं, छात्रों में विवाद पर बोले बंगाल विधानसभा अध्यक्ष



**कोलकाता ,एजेन्सी।**

कोलकाता के एक कॉलेज में सरस्वती पूजा के आयोजन को लेकर छात्रों के दो समूहों के बीच विवाद हो गया। इस विवाद के चलते राज्यभर की राजनीति में गर्माहट और आरोप-प्रत्यारोप शुरू हो गया। इसी बीच इस विवाद को लेकर पश्चिम बंगाल विधानसभा के अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने सख्ती दिखाते हुए चेतावनी दी है। बिमान बनर्जी ने शुक्रवार को कहा कि किसी भी हाल में पूजा को रोकने की कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कॉलेज परिसर में पिछले वर्षों की तरह सरस्वती पूजा होनी चाहिए और जो लोग इसे रोकने की कोशिश करेंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**छात्रों ने बाहरी समूह पर लगाया आरोप:** बता दें कि यह विवाद तब शुरू हुआ जब 30 जनवरी को कुछ छात्रों ने आरोप लगाया कि बाहरी लोगों के एक समूह ने पूजा आयोजित करने से उन्हें रोक दिया। साथ ही छात्रों के द्वारा पूजा के लिए निर्धारित स्थान को भी अवरुद्ध कर दिया। इसके बाद उन्होंने अपना अलग पंडाल बनाकर पूजा करने की कोशिश की।

**छात्रों ने कलकत्ता हाईकोर्च में दायर की याचिका:** इस मामले में एक छात्र ने कलकत्ता उच्च न्यायालय में याचिका दायर की, जिसमें अदालत से मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की गई। इसके बाद हाईकोर्ट ने कोलकाता पुलिस से यह सुनिश्चित करने को कहा कि पूजा को सुरक्षित तरीके से आयोजित किया जाए।

**एबीवीपी ने कॉलेज के बाहर किया प्रदर्शन:** विवाद यहीं नहीं थमा, इस मामले के बढ़ते राजनीतिक गतिविधियों को देखते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने कॉलेज परिसर के बाहर विरोध रैली निकाली। साथ ही एबीवीपी ने पुलिस से यह सुनिश्चित करने की मांग की कि किसी भी समूह को पूजा आयोजित करने में बाधा न डाली जाए। गौरतलब है कि छात्रों के लिए सरस्वती पूजा का आयोजन हमेशा से ही खास रहा है। इसका आयोजन कॉलेजों, स्कूलों और विश्वविद्यालयों में वर्षों से होता आ रहा है और इसे लेकर छात्रों में खासा उत्साह रहता है।

## जीबीएस का बढ़ रहा कहर, अब तक चार मौतें, 140 केस सामने आए; पानी के नमूनों में मिला बैक्टीरिया

**मुंबई,एजेन्सी।**

महाराष्ट्र में गुलियन बैरे सिंड्रोम से चार लोगों की मौत हो चुकी है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि राज्य में अब तक जीबीएस के संदिग्ध 140 मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें से 98 में जीबीएस की पुष्टि हो चुकी है। इनमें पुणे से 26 मरीज हैं।

स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि पिंपरी चिंचवाड़ के यशवंतराव चव्हाण मेमोरियल अस्पताल में एक 36 वर्षीय व्यक्ति की बृहस्पतिवार को मौत हो गई। उनके शरीर में निमोनिया के कारण श्वसन तंत्र पर असर पड़ा था। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को पुणे के धायरी इलाके के 60 वर्षीय व्यक्ति की भी मौत हुई। उन्हें दस्त और कमजोरी के कारण 27 जनवरी को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन हृदय गति रुकने से उनकी मौत हो गई।

राज्य स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि राज्य में 140 संदिग्ध मरीज हैं। 96



मरीजों में जीबीएस की पुष्टि हुई है। 26 मरीज पुणे शहर से हैं। जबकि 78 नए मरीज पुणे नगर निगम क्षेत्र के गांवों में मिले हैं। 15 मरीज पिंपरी चिंचवाड़ क्षेत्र, 10 मरीज पुणे ग्रामीण और 11 अन्य जिलों में मिले हैं। शुक्रवार को कोई भी नया मरीज सामने नहीं आया। राज्य में सबसे ज्यादा मामले पुणे और उसके आसपास के इलाकों से सामने आए।

स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि पुणे शहर के विभिन्न हिस्सों से 160 पानी के नमूने जांच के लिए भेजे गए, जिनमें से आठ नमूने दूषित पाए गए। सिंहगढ़ रोड के कुछ बोरवेल से मिले नमूनों में ई.कोली बैक्टीरिया पाया गया है। उन्होंने बताया कि ई.कोली का पानी में होना मल या पशु अपशिष्ट के प्रदूषण का संकेत है, और यह जीबीएस संक्रमण का कारण बन सकता है। नांदेड़, किरकटवाड़ी, धायरी और सिंहगढ़ रोड से जुड़े तमाम इलाकों से पुणे नगर निगम के अधिकारियों ने बोरवेल और कुओं से पानी के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे हैं। पुणे नगर निगम के जलापूर्ति विभाग के प्रमुख नंदकिशोर जगताप ने बताया कि कल हमने जीबीएस प्रभावित क्षेत्र सिंहगढ़ रोड के निजी बोरवेल और कुओं से नमूने लिए।

## केजरीवाल ने किया दिल्ली के लोगों को गंदा पानी पीने के लिए मजबूर : नायब सिंह सैनी

**नई दिल्ली,एजेन्सी।**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यमुना के पानी की गुणवत्ता को लेकर दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर शुक्रवार को बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि दिल्ली में 10 सालों में काम नहीं हुए। अब अरविंद केजरीवाल अपनी नाकामियों को छिपाते हुए घटिया राजनीति पर उतर आए हैं। दिल्ली की जनता को पिछले 10 साल से गंदा पानी पीने के लिए केजरीवाल ने मजबूर किया है। नायब सिंह सैनी ने आज वजीराबाद स्थित यमुना घाट पर हरियाणा से लिये गए यमुना के पानी और दिल्ली से लिये पानी के सैंपल मीडिया को दिखाते हुए कहा कि इन दोनों में जमीन आसमान का अंतर है। दिल्ली में दूषित पानी यमुना में डाला जा रहा है। उन्होंने दिल्ली सरकार पर सीधा आरोप लगाते हुए कहा कि हम यमुना नदी के माध्यम से दिल्ली को स्वच्छ जल देते है लेकिन अपने कुप्रबंधन से दिल्ली की सरकार यमुना को प्रदूषित कर देती है। यमुना का यही पानी हमें



फरीदाबाद में मिलता है तो इसकी गुणवत्ता बेहद खराब होती है, जिससे कैंसर जैसी गंभीर बीमारियां होने का खतरा पैदा हो रहा है। हरियाणा के मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली के लोगों ने अरविंद केजरीवाल की चाल और चरित्र को पहचान लिया है, इसलिए दिल्ली की जनता अब उनका सूपड़ा साफ करेगी। केजरीवाल ने 10 सालों में दिल्ली का विकास नहीं किया और ध्यान भटकाने के लिए हरियाणा पर आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा से यमुना में छोड़े जा रहे पानी को पल्ला घाट पर उन्होंने खुद पीया है। दिल्ली से छोड़े गए पानी को कोई पी भी नहीं सकता। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी ने नाले, तालाबों की सफाई, सीवरेज सिस्टम ठीक करने सहित अन्य कार्यों के लिए साढ़े आठ हजार करोड़ रुपये दिए, जिनका हिसाब किताब नजर नहीं आ रहा। मुख्यमंत्री का काम जनता को सुविधाएं देने का होता है परन्तु दिल्ली में तो सुविधाएं नजर ही नहीं आ रही हैं। सैनी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने मुख्यमंत्री रहते हुए दिल्ली में विकास नहीं किया, स्कूलों की व्यवस्था सुधारने, स्वच्छ पानी देने जैसे अनेक वायदे किए थे, जो पूरे नहीं किये, इसलिए झूठ की राजनीति का सहारा ले रहे हैं।

## एक देश एक चुनाव पर निर्वाचन आयोग, पूर्व न्यायाधीशों की राय लेगी



### समिति, बैठक में हुआ फैसला

**नई दिल्ली,एजेन्सी।**

देश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के प्रावधान वाले विधेयकों पर विचार कर रही संसदीय समिति की तरफ से विचार-विमर्श के लिए तैयार की गई एक सांकेतिक सूची में उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के पूर्व न्यायाधीशों, निर्वाचन आयोग, राजनीतिक दलों और राज्य सरकारों का उल्लेख है। समिति की शुक्रवार को हुई बैठक के बाद समिति के अध्यक्ष पीपी चौधरी ने कहा कि विभिन्न निकायों और अन्य हितधारकों की एक सांकेतिक सूची तैयार की गई थी और सदस्यों को विचार के लिए और अधिक नाम सुझाने के लिए कहा गया है। सूत्रों ने कहा कि संवैधानिक विशेषज्ञ, सुरक्षा एजेंसियां, कई सरकारी विभाग, मीडिया संगठन, भारतीय विधि आयोग, बार काउंसिल ऑफ इंडिया, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, थिंक-टैंक, चैंबर ऑफ कॉमर्स, आईआईएम जैसे शैक्षणिक संस्थान उनमें शामिल हैं, जिनके साथ विचार-विमर्श किया जा सकता है। बैठक में कई विपक्षी सदस्यों ने इस पर जोर दिया कि उन्हें हर बैठक के दौरान होने वाली बातचीत के शब्दशः विवरण की एक प्रति वितरित की जानी चाहिए। इस पर समिति के अध्यक्ष चौधरी ने कहा कि ऐसी मांग संसदीय समितियों की परंपरा के अनुरूप नहीं है। हालांकि, द्रमुक सांसद पी विल्सन और कांग्रेस के मनीष तिवारी ने कहा कि उनकी मांग संसदीय समितियों को निर्देशित करने वाले नियमों के अंतर्गत आती है। चौधरी ने कहा कि वह इस मुद्दे पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से परामर्श करेंगे। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने विपक्षी सदस्यो के विचारों का समर्थन किया।

## पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त नवीन चावला का निधन, मस्तिष्क सर्जरी के लिए अस्पताल में थे भर्ती

**नई दिल्ली,एजेन्सी।**



पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) नवीन चावला का शनिवार को निधन हो गया। वह 79 वर्ष के थे। उनके निधन की सूचना पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एसवाई कुरैशी ने दी है। इसके अलावा, चुनाव आयोग के एक पदाधिकारी ने भी चावला के निधन की पुष्टि की है।

पूर्व सीईसी एसवाई कुरैशी ने बताया कि, वह चावला से करीब 10 दिन पहले मिले थे, उस समय चावला ने उन्हें बताया था कि उन्हें ब्रेन सर्जरी के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जा रहा है। आज सुबह अपोलो अस्पताल में उनका निधन हो गया। उन्होंने कहा कि जब वे आखिरी बार मिले थे, तब वे खुश थे।

एसवाई कुरैशी ने एक्स पर लिखा, भारत के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त नवीन चावला के निधन के बारे में जानकर दुख हुआ। उनकी आत्मा को शांति मिले। पूर्व नौकरशाह चावला 2005 से 2009 के बीच चुनाव आयुक्त थे और फिर अप्रैल 2009 से जुलाई 2010 तक मुख्य चुनाव आयुक्त रहे।

तत्कालीन मुख्य चुनाव आयुक्त एन गोपालस्वामी ने नवीन चावला पर कामकाज में कथित भेदभाव बरतने का आरोप लगाकर राष्ट्रपति से उन्हें चुनाव आयुक्त पद से हटाने की सिफारिश की थी। जिसके बाद खासा विवाद देखने को मिला था। एक नमूने में ई.कोली बैक्टीरिया पाया गया। उन्होंने कहा कि दो दिन पहले निजी ट्यूबवेल ऑपरेटरों और बोरवेल्स संचालकों के साथ बैठक की गई थी। उनको निर्देश दिया गया था कि बैक्टीरिया को रोकने के लिए पीएमसी द्वारा प्रदान किए गए ब्लीचिंग पावर का उपयोग करें। हमारे विशेषज्ञों ने उन्हें पानी में घोल कैसे मिलाया जाए, इसका प्रदर्शन दिया।

## गाजियाबाद में रसोई गैस सिलेंडर से लदे ट्रक में आग लगी, विस्फोट

**गाजियाबाद,,एजेन्सी।**

उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद जिले के थाना टीला मोड़ अंतर्गत भोपुरा चौक पर रसोई गैस सिलेंडर (एलपीजी) ले जा रहे एक ट्रक में आग लग गई। इससे लगातार धमाके हुए। यह घटना दिल्ली-वजीराबाद रोड पर हुई है।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल कुमार के अनुसार, सुबह 4ः35 बजे इस ट्रक में आग लगने की सूचना मिली। फौरन कर्मचारियों और दमकल की गाड़ियां भेजी गईं। आसपास के मकानों को खाली कराया गया। तब तक दो-तीन मकानों और कुछ गाड़ियों में आग लग चुकी थी। शुरू में लगातार सिलेंडर फटने के कारण फायर ब्रिगेडकर्मी ट्रक तक नहीं पहुंच पाए। विस्फोट की आवाज कई किलोमीटर तक सुनी गई। आग पर नियंत्रण पा लिया गया है। कोई जनहानि नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि झूठ की दुकान पर दिल्ली की जनता पांच फरवरी को ताला लगा देगी। उन्होंने यूपीएससी सीएपीएफ परीक्षा-2018 में 81वीं रैंक हासिल की और सीआरपीएफ में असिस्टेंट कमांडेंट बनीं। वहीं साल 2024 में गणतंत्र दिवस परेड में उन्होंने सीआरपीएफ की महिला टुकड़ी का नेतृत्व किया था।

## सख्ती:सात राज्यों की संयुक्त टीम रोकेगी ड्रग्स तस्करी, एसपी रैंक के नोडल अधिकारी को दी जाएगी जिम्मेदारी

**चंडीगढ़,एजेन्सी।**

नशा व अपराध मुक्त भारत बनाने के लिए पंचकूला में हरियाणा समेत उत्तर भारत के सात राज्यों के पुलिस महानिदेशकों, एनआईए, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और स्पेशल टास्क फोर्स ने शुक्रवार को पंचकूला में विस्तार से मंथन किया।

बैठक में मुख्य रूप से नशे की तस्करी रोकने को लेकर रणनीति पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने सहमति जताई कि पंचकूला में बना अंतरराज्यीय ड्रग सचिवालय बेहतर तरीके से काम करे, इसके लिए सभी राज्य अपने यहां एसपी रैंक के अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त करेंगे, ताकि नशा तस्करी व तस्कर की सूचनाएं वास्तविक समय पर साझा की जा सकें। बैठक में यह भी तय हुआ कि राज्यों के बीच में अपराधियों का डाटा साझा करने के लिए राज्यों की संयुक्त टीम बनाई जाएगी, ताकि आपसी तालमेल स्थापित करते हुए कार्य किया जा सके। बैठक में इस बात पर चिंता जताई गई कि आपराधिक गतिविधियों व आतंक को अंजाम देने के लिए पैसों का इंतजाम नशे के माध्यम से किया जा रहा है। ऐसे में नशा तस्करी पर अंकुश लगाने को लेकर सभी राज्यों के बीच में मजबूत समन्वय पर जोर दिया गया। बैठक में एनसीबी के डिप्टी डायरेक्टर जनरल संबित मिश्रा ने बताया कि नशा तस्करी के रूट पहचानने की जरूरत है, ताकि सभी प्रदेश अफीम व अन्य मादक पदार्थों की सीमा पार तस्करी पर रोक लगा सकें। नशा ही संगठित अपराध की आय का प्रमुख स्रोत है। बैठक में हरियाणा, दिल्ली, पंजाब, चंडीगढ़, हिमाचल, उत्तराखंड और राजस्थान के पुलिस प्रमुख शामिल थे।

**हरियाणा में 80 गैंग, 8 दिल्ली एनसीआर में मांगते हैं रंगदारी:** बैठक में एसपी स्पेशल टास्क फोर्स वसीम अकरम ने बताया कि हरियाणा में वर्तमान में 80 आपराधिक गैंग सक्रिय हैं। इनमें से आठ बड़े गैंग ऐसे हैं जो दिल्ली-एनसीआर में रंगदारी मांगते हैं। इन गैंग ने विदेशों में अपने संपर्क बना रखे हैं, जो वहां से अपनी गैंग को संचालित कर रहे हैं। इस दिशा में सभी राज्यों की पुलिस के संगठित प्रयास अत्यंत आवश्यक है। कुख्यात अपराधी दुबई, पाकिस्तान, अर्मेनिया, बैंकाक, थाईलैंड, अमेरिका, पुर्तगाल और कनाडा में छिपे हैं। इन अपराधियों को वापस लाने के लिए पुलिस इंटरपोल के साथ संपर्क में है। हरियाणा पुलिस ने वर्तमान में 35 लुकआउट नोटिस जारी किए गए हैं, वहीं 22 पासपोर्ट रद्द किए गए हैं।

## लापरवाही: अब तक सिर्फ सात देशों ने साझा किए जलवायु लक्ष्य, पेरिस समझौते के तहत समय सीमा मात्र दो सप्ताह दूर

**नई दिल्ली,एजेन्सी।**

जलवायु परिवर्तन की गहन चर्चाओं के बीच 2035 के लिए अब तक केवल सात देशों ने ही अपनी जलवायु योजनाएं साझा की हैं, जबकि इसकी समय-सीमा 10 फरवरी 2025 है। इससे पता चलता है कि दुनिया जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए ठोस कदम नहीं उठा रही है। ब्राजील इस वर्ष के अंत में कॉप30 की मेजबानी करेगा।

इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट फॉर एनवायरनमेंट एंड डेवलपमेंट (आईआईईडी) का कहना है कि यह स्थिति जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए राजनीतिक नेतृत्व की



इच्छाशक्ति की कमी को भी दर्शाती है। पेरिस समझौते में शामिल देशों को हर पांच साल में जलवायु परिवर्तन से संबंधित अपनी अपडेटेड योजनाएं प्रस्तुत करनी होती हैं, जिन्हें राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) कहा जाता है। ये लक्ष्य इस बात को आधार प्रदान करते हैं कि प्रत्येक देश पेरिस समझौते के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए क्या कार्रवाई करेंगे। आईआईईडी के अनुसार अब तक जिन सात देशों ने अपने अपडेट एनडीसी प्रस्तुत किए हैं उनमें ब्राजील, उरुग्वे, संयुक्त अरब अमीरात, स्विटजरलैंड, यूनाइटेड किंगडम और अमेरिका शामिल हैं। डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद अमेरिका पहले ही पेरिस समझौते से पीछे हटने की अपनी मंशा की घोषणा कर चुका है। हालांकि इसके पहले वह अपडेट एनटीसी प्रस्तुत कर चुका था।

**तापमान सीमित करना समझौते का उद्देश्य:** पेरिस समझौता एक अंतरराष्ट्रीय संधि है जिसका लक्ष्य वैश्विक औसत तापमान में वृद्धि को पूर्व औद्योगिक स्तरों से 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने के प्रयास करना है। यह समझौता विकसित देशों को विकासशील देशों को उनके जलवायु शमन और अनुकूलन प्रयासों में सहायता करने का मार्ग प्रदान करता है, साथ ही देशों के जलवायु लक्ष्यों की पारदर्शी निगरानी और रिपोर्टिंग के लिए एक रूपरेखा तैयार करता है।

**जल्द से जल्द साहसिक कदम उठाने की जरूरत:** आईआईईडी में जलवायु विशेषज्ञ कैमिला मोर का कहना है कि दुनिया तेजी से गर्म हो रही है, ऐसे में जल्द से जल्द साहसिक कदम उठाने की जरूरत है।?लेकिन यह निराशाजनक है कि अब तक केवल तीन फीसदी देशों ने अपनी नई अपडेट जलवायु योजनाओं को साझा किया है। दुनिया अब और इन्तजार नहीं कर सकती, क्योंकि पहले ही काफी देर हो चुकी है। जलवायु में आ रहे बदलावों को देखते हुए यह लक्ष्य बेहद महत्वपूर्ण हैं।

## भाखड़ा नहर में रात को गिरी गाड़ी निकाली गई, एक की मौत, दो को बचाया गया, 11की तलाश

**चंडीगढ़ ,एजेन्सी।**

हरियाणा के फतेहाबाद जिले के सरदारेवाला में शुक्रवार रात शादी समारोह से लौट रहे 14 लोगों के लिए कोहरा काल बनकर आया। उनकी क्रूजर गाड़ी भाखड़ा नहर में गिर गई। सुबह क्रूजर को नहर से निकाल लिया गया। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। दो लोगों को बचा लिया गया है। बाकी 11 की तलाश गोताखोर कर रहे हैं। भाखड़ा नहर में खोज व बचाव अभियान चल रहा है।

बताया गया है कि क्रूजर के नहर में गिरने के बाद राखी सिंह किसी तरह तैर कर बाहर आ गया। उसने मदद के लिए शोर मचाया। उसकी आवाज सुनकर आसपास के लोग पहुंच गए। पुलिस को इत्तिला दी गई। थाना प्रभारी राजवीर सिंह ने ग्रामीणों के साथ मिलकर खोज और बचाव अभियान शुरू किया। इन लोगों को 11 वर्षीय लड़के को बचाने में कामयाबी मिली। उसे तत्काल अस्पताल भेजा गया। जिला प्रशासन की सूचना पर सुबह एनडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंची हैं। पुलिस के अनुसार गांव महमड़ा के अंग्रेज सिंह का परिवार पंजाब के जलालाबाद में विवाह कार्यक्रम में शामिल होने के लिए इस क्रूजर को किराये पर लेकर गया था। सभी 14 लोग शादी के बाद जलालाबाद से महमडा लौट रहे थे। गांव सरदारेंवाला में कोहरा इतना घना था कि ड्राइवर को रास्ता नजर नहीं आया और गाड़ी नहर में समा गई।

# जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला ने बैठक में विभिन्न विभागों की समीक्षा

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**बेगूसराय** जिला पदाधिकारी बेगूसराय, श्री तुषार सिंगला द्वारा विभिन्न विभाग यथा ग्रामीण विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, सामाजिक सुरक्षा, आई0सी0डी0एस, मनरेगा, उद्योग विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा हेतु जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ कारगिल विजय सभा भवन में बैठक आयोजित की गई।
बैठक मे उप विकास आयुक्त बेगूसराय, सभी अनुमंडल पदाधिकारी बेगूसराय, जिला पंचायत राज पदाधिकारी बेगूसराय, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आई0सी0डी0एस, सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र बेगूसराय, निदेशक डीआरडीए बेगूसराय, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा बेगूसराय, जिला समन्वयक लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, के साथ सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी, सभी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं सभी कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा उपस्थित थे।
जिला पदाधिकारी के द्वारा सर्वप्रथम लोहिया स्वच्छ बिहार के अंतर्गत सभी योजनाओं के प्रगति के संबंध में समीक्षा की गयी ।

**लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान**

सभी प्रखंडों में व्यक्तिगत शौचालय इंट्री एंव जियो टैगिंग हेतु लंबित योजनाओं का 1 सप्ताह में कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। सभी प्रखंडो में कुल 42 निमार्णाधिन सामूदायिक स्वच्छता परिसर के निर्माण का कार्य 15 थमइ 2025 तक पुरा करने का निर्देश दिया गया। अकार्यरत सामूदायिक स्वच्छता परिसर को 3 थमइ-25 तक कार्यरत करने का निर्देश दिया गया। चेरिया बरियारपूर एवं साहेबपूर कमाल प्रखंड में घर घर कचड़ा का उठाव कार्य 3 फरवरी तक शुरू करवाने का निर्देश दिया गया। स्वच्छता शुल्क संग्रहण 10 दिनों में कम से कम 30ः घर से एवं सभी हाट, बाजार के दुकान से स्वच्छता शुल्क संग्रहण करना सुनिश्चित करे। साहेबपूरकमाल प्रखण्ड को 3 फरवरी 25 तक ई-रिक्शा क्रय करने का निर्देश दिया गया वहीं सभी प्रखंडो को निर्देशित किया गया की आकार्यरत ई-रिक्शा एवं पैडल रिक्शा को 5 दिनों के अंदर कार्यरत करवायेंगे। विशिष्ट प्रबंधन इकाई के निर्माण हेतु 7 पंचायतों में कार्य आरंभ लंबित है, 3 पंचायत जहां एनओसी लंबित है, 6 पंचायत जहां चिन्हीत भूमि का सिमांकन लंबित है एवं जो निमार्णाधिन है सभी कार्य को जल्द ही प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी को पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया।
इसके अलावे जिलाधिकारी महोदय द्वारा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि अपने-अपने प्रखंड के सभी पंचायतों में विलेज हेल्थ सेनिटेशन न्यूट्रेशन कमिटि की बैठक मुखिया के अध्यक्षता में नियमित रूप से कराना सुनिश्चित करेंगे एवं इस बैठको में लोहिया स्वच्छ बिहार के सभी अवयव को शामिल कराना सुनिश्चित करेंगे।

**प्रधानमंत्री आवास योजना**

सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना में छूटे हुये परिवार का नाम सूची में जोड़ने का पंचायतों में चल रहे सर्वे कार्य की प्रतिदिन व्यक्तिगततौर पर जांच करना सुनिश्चित करेगें। साथ ही यह भी निदेश दिया गया कि सर्वे कार्य में सभी वर्गो के परिवारों का नाम सही तरिके से जोड़ा जाय यह भी सुनिश्चित करेंगे। साथ ही जिलापदाधिकारी के द्वारा सक्त निदेश दिया गया कि किसी भी पात्र लाभूकों का नाम सर्वे में छुटना नहीं चाहिए एवं सर्वे कार्य में किसी भी प्रकार की अनियमिता सामने आने पर संबंधित पीआरएस एवं आवास सहायक को चयन मुक्त करने की प्रकिया की जायेगी।
प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत प्रथम किस्त देने हेतु लंबित लाभुकों को अभिलंब राशि उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया साथ ही द्वितीय किस्त हेतु लंबित लाभुकों का एक सप्ताह के अंदर जियोटेग कराते हुये राशि भुगतान करने का निदेश दिया गया एवं उसी प्रकार तृतीय किस्त हेतु लंबित लाभुकों को सात दिनों के अंदर निष्पादन करने का निदेश दिया गया।
सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निदेश दिया गया की मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना एवं मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास सहायता योजना अंतर्गत जिन परिवारों का आवास अभी तक नहीं बन पाया है उन सभी से व्यक्तिगत रूप से बात करके कार्य प्रारंभ करवाना सुनिश्चित करेंगे।

**उद्योग विभाग ---**

जिला पदाधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की समीक्षा की गयी एवं सभी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि सभी पंचायतों के मुखिया के लॉगइन में स्टेज 1 पर लंबित 1959 आवेदन को अविलंब जांच करवाते हुये जिला के लॉगइन पर फारवर्ड करवाना सुनिश्चित करें ताकि इन सभी योजनाओं का निष्पादन जल्द-से-जल्द हो सके एवं सभी पात्र लाभुकों को इस योजना अंतर्गत लाभान्वित किया जा सके।

**आई0सी0डी0एस0**

जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र के निर्माण कार्य की समीक्षा की गयी। तदोपरांनत यह निदेश दिया गया कि जिन आंगनवाड़ी केन्द्र निर्माण में जमीन चिन्हित होने के पश्चात भी कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है वहां 05 दिनों के अंदर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा संयुक्त रूप से चिन्हित जमीन का जांच करते हुये यह प्रतिवेदित करेगें कि जमीन आंगनवाड़ी केन्द्र हेतु उपयुक्त है या नही। अन्यथा के स्थिति में अविलंब नये जमीन को चिन्हित करते हुये निर्माण कार्य प्रारंभ करवाना सुनिश्चित करेगें।
जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा कहा गया कि जिन आंगनवाड़ी केन्द्रों में पानी, शौचालय एवं बिजली की सुविधा उपलब्ध नहीं हो वहां फरवरी माह के अंत तक सभी कार्य पूर्ण करने का निदेश दिया गया है। पी0एच0डी0 को सभी आंगनवाड़ी केन्द्र में नल-जल की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया। जिन आंगनावाडी केन्द्रों में शौचालय मरम्मति का कार्य किया जाना है उसे 15वीं वित की राशि से करवाने हेतु प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारियों को कहा गया एवं जहां नये शौचालयों का निर्माण किया जाना है उसे मनरेगा को निदेशित किया गया। विद्युत विभाग को सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों में बिजली का कनेक्शन उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया।

**सामाजिक सुरक्षा कोषांग**

जिला पदाधिकारी द्वारा सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत संचालित कबीर अंत्येष्टि अनुदान योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक योजना, एवं मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना की समीक्षा की गयी। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि इन सभी योजनाओं में पंचायत स्तर पर समीक्षा करते हुये पात्र लाभूकों की संख्या बढ़ाना सुनिश्चित करेंगे।
इन सभी योजनाओं का पंचायत स्तर पर अधिकतम प्रचार-प्रसार कराने हेतु निर्देशित किया गया ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इन योजनाओं का लाभ ले सकें।

**पंचायती राज विभाग**

जिला पदाधिकारी द्वारा पंचायत सरकार भवन के निर्माण हेतु शेष बचे पंचायत में भूमि चिन्हित करते हुए जल्द से जल्द कार्य प्रारंभ करने का निदेश संबंधित प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी एवं जिला पंचायत राज पदाधिकारी को दिया गया।
सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि सोलर स्ट्रीट लाईट योजना की क्रियान्वयन के संबंध में सभी पंचायतों में सर्वे करके एक विस्तृत सूचि बनाना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही जिला पंचायत पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि एजेंसी से बात करके सभी सोलर स्ट्रीट लाईट को क्रियान्वित कराना सुनिश्चित करेंगे।
जिलाधिकारी के द्वारा कहा गया कि पंचायत समिति एवं ग्राम पंचायत के द्वारा 15वीं वित्त एवं 6ठी वित्त राशि पंचायतों के लिए परिसंपत्ति निर्माण हेतु खर्च करना सुनिश्चित करेंगे। जो उस पंचायत के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता हो एवं गांव के विकास के लिए आवश्यक हो।
सभी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि पंचायत समिति एवं ग्राम पंचायत के द्वारा 15वीं वित्त आयोग एवं 6ठी वित्त आयोग द्वारा ली गई योजनाओं की सूची बनाकर योजनावार समीक्षा करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही सभी योजनाओं को श्रेणीवार भी सूची बनाकर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।
सभी पंचायतों में सार्वजनिक लाइब्रेरी संचालित करवाने का निदेश जिला पंचायत राज पदाधिकारी को दिया गया।
सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी को निर्देश दिया गया की सभी पंचायतों में आरटीपीएस काउंटर संचालित है उनका प्रचार-प्रसार करवाना सुनिश्चित करेंगे ताकि अधिक से अधिक लोग आरटीपीएस द्वारा प्रदत्त सुविधाओं का लाभ ले सकें।

**मनरेगा**

जिलाधिकारी के द्वारा खेल मैदान के निर्माण की समीक्षा की गयी तथा कहा गया कि 161 खेल मैदान जिनका शिलान्यास किया गया था उसमें से 24 का कार्य आरंभ नहीं हुआ है। इन सभी में कार्य प्रारंभ करवाने का निदेश संबंधित कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा को दिया गया।
जिलाधिकारी महोदय द्वारा सभी कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा सभी को निदेशित किया गया कि मार्च महीने के अंत तक सभी खेल मैदानों का निर्माण कार्य सुनिश्चित करेंगे।
जीविका भवन के निर्माण के संबंध में भी जिलाधिकारी द्वारा सभी कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा के द्वारा सभी प्रखंडों में जमीन चिन्हित करते हुए अविलंब कार्य कराना सुनिश्चित करेंगे।
अंत में जिला पदाधिकारी द्वारा सभी अनुमंडल पदाधिकारी बेगूसराय को निदेश दिया गया कि अपने अंतर्गत सभी विकासात्मक योजनाओं की नियमित रूप से समीक्षा करना सुनिश्चित करेंगे। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी आज के बैठक में दिये सभी निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे एवं प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर सभी योजनाओं की समीक्षा करते हुए इनमें प्रगति लाना सुनिश्चित करेंगे। सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी को निदेशित किया गया की अपने विभाग अंतर्गत सभी योजनाओं के संबंध में नियमित समीक्षा करते हुए अगली बैठक से पूर्व अपेक्षित प्रगति लाना सुनिश्चित करेंगे।




## सार-संक्षेप

### केंद्रीय बजट से बिहार के विकास को गति मिलेगी: नीतीश कुमार

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**पटनाः** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को पेश केंद्रीय बजट 2025-26 की सराहना करते हुए कहा कि यह सकारात्मक है और इससे राज्य के विकास में तेजी लाने में मदद मिलेगी।
मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को भी धन्यवाद दिया। नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल-यूनाइटेड (जद-यू) केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की प्रमुख घटक है।
बिहार के मुख्यमंत्री ने एक बयान में कहा कि ह्यमखाना बोर्डह्ल की स्थापना के प्रस्ताव से मखाने की खेती को बढ़ावा मिलेगा, जिसके लिए राज्य दूर-दूर तक जाना जाता है।
उन्होंने यह भी कहा कि बजट में प्रस्तावित ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे उड़ान संपर्क सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे, जिससे राज्य के आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

### मध्य विद्यालय बरौनी में खेल मेला का आयोजन




राष्ट्रवाद (ब्यूरो चीफ )बेगूसराय
क्षमतालय फाउंडेशन, सहायक दानी स्पोर्ट्स फाउंडेशन, तकनीकी सहायक पीरामल फाउंडेशन के द्वारा राजकीय कृत सतीश चंद्र मध्य विद्यालय बरौनी तेघड़ा मे शनिवार को खेल मेले का आयोजन। राजकीय कृत सतीश चंद्र मध्य विद्यालय बरौनी तेघड़ा के प्रांगण में क्षमतालय फाउंडेशन के तत्वावधान में खेल मेले का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाध्यापक अखिलेश्वर मिश्रा ,नोडल टीचर अंकित पासवान के द्वारा किया गया। इस खेल मेले में विभिन्न प्रकार के रोमांचक खेलों का आयोजन किया गया, जिनमें कबड्डी, कलेक्ट द ट्रेजर, और बिल्डर्स एंड बुलडोजर जैसे खेल शामिल थे। इन खेलों में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। क्षमतालय फाउंडेशन की टीम छलांग से प्रोग्राम मैनेजर मो. आसिफ अमीन, फील्ड कोऑर्डिनेटर विनीत कुमार,दिलीप रंजन,भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।इस आयोजन का उद्देश्य खेल के माध्यम से बच्चों और समुदाय में आपसी सहयोग और एकता को बढ़ावा देना।

### भाकपा के वफादार कामरेड थे दिलीप कुमार गुप्ता

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**मंसूरचक/ बेगूसराय** भाकपा गणपतौल शाखा के पूर्व शाखा मंत्री, पूर्व उपमुखिया गणपतौल मंसूरचक अंचल कार्यकारणी के सदस्य रहे कामरेड दिलीप कुमार गुप्ता 69 वर्ष की आयु में 31 जनवरी को 2 बजे सुबह में निधन हो गया,उनके निधन कि खबर सुनकर राज्य परिषद् सदस्य कामरेड सत्य नारायण महतो, अंचल मंत्री कामरेड बिंदेश्वरी महतो,जिला कार्यकारणी सदस्य कामरेड राम नरेश महतो, जिला परिषद के सदस्य परवेज आलम, प्रमोद कुमार महतो (पूर्व मुखिया) धर्मेन्द्र कुमार महतो (पूर्व मुखिया) लालाबाबू महतो, रंजीत कुमार, अभय भूषण पोदार,सोने लाल चौधरी, बृजकिशोर साह,डॉ शंभु कुमार सहित सैकड़ों लोगों ने उनके आवास गणपतौल पहुंच कर पार्टी का झंडा और फूल माला देकर अंतिम विदाई दी तथा शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त किया ।कामरेड सत्य नारायण महतो ने लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि कामरेड दिलीप पार्टी के वफादार, ईमानदार और कर्मठ सिपाही थे इनके निधन से गणपतौल शाखा ही नहीं बल्कि पूरे मंसूरचक अंचल को अपूरणीय क्षति पहुंची है जिसे निकट भविष्य में पूर्ति नहीं किया जा सकता।इस कमी को सभी लोगों ने मिलकर पूरा करने का संकल्प लिया और पार्टी को कामरेड दिलीप के रास्ते आगे ले जाने को लेकर कृत संकल्पित है।

### अयोध्या गंगा घाट पर डूबने से छात्र की चली गई जान, दुबे युवक का दूसरे दिन भी नहीं लगा सुराग

राष्ट्र संवाद( ब्यूरो चीफ) अशोक कुमार ठाकुर



**तेघड़ा/ बेगूसराय** तेघड़ा थाना क्षेत्र के अयोध्या मिथिला गंगा घाट पर शुक्रवार को नहाने के दौरान पैर फिसलने से बजलपुरा भगवतीस्थान निवासी मनोज यादव के 20 वर्षीय पुत्र सन्नी कुमार की डूबने से मौत हो गई। जानकारी मुताबिक, सन्नी कुमार शुक्रवार की दोपहर अपने चार दोस्तों के साथ गंगा स्नान करने के लिए गया। और नहाने के दौरान वह गहरे पानी में चला गया। जिसके कारण वह डूब गया। जिसके बाद स्थानीय गोताखोरों द्वारा शव ढूंढ़ने का काफी प्रयास किया गया।लेकिन शुक्रवार की शाम तक सन्नी का शव नही मिल सका। वही अंचलाधिकारी रविशंकर कुमार के द्वारा दूसरे दिन एसडीआरएफ टीम को लगाया गया स्थानीय गोताखोर एवं एसडीआरएफ टीम के द्वारा शनिवार को लंबी दूरी तक पानी में खोजबीन के लिए गतिविधि चलाया गया लेकिन दूसरे दिन शनिवार को भी छात्र का कोई सुराग नहीं मिला। इधर घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। बताते चले कि सन्नी स्थानीय श्री विश्वेश्वर राष्ट्रीय उच्च विद्यालय का छात्र था। और शनिवार से वह इंटर का परीक्षा देता लेकिन ऊपर वालों की कुछ अलग ही मर्जी थी। सन्नी के पिता पेशे से मजदूर है। वह तीन भाई बहनों में सबसे बड़ा था। सन्नी की मौत के बाद पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।

# अपने उत्कृष्ट कार्य के लिए हमेशा याद किये जायेगें सेवानिवृत शिक्षक चंद्रशेखर कुमार गांधी - मंजर सायन

राष्ट्र संवाद (ब्यूरो चीफ)
बेगूसराय




अपने बेहतर शैक्षणिक, शिक्षण ,प्रशिक्षण कार्य के लिए हमेशा याद किये जायेगें सेवानिवृत नियोजित शिक्षक उत्क्रमित मध्य विद्यालय पैगंबरपुर अयोध्या के चंद्रशेखर कुमार गांधी ने अपने लंबे कार्यकाल में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के क्षेत्र में बेहतर कार्य किया। यह बातें विद्यालय के प्रधानाध्यापक मंजर शयान ने कही, वे अपने विद्यालय के अवकाश प्राप्त शिक्षक चंद्रशेखर कुमार गांधी के अवकाश प्राप्त करने के मौके पर शनिवार को विद्यालय के प्रांगण में आयोजित विदाई सह सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुखिया अभिभावक चंद्रभूषण सिंह उर्फ बौघु ने सेवानिवृत्त शिक्षक चंद्रशेखर कुमार गांधी के कार्य कुशलता से दूसरे विद्यालयों के शिक्षकों को भी सिख लेने की बात कही, आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सेवानिवृत शिक्षक राजेंद्र सिंह ने कहा कि शिक्षक कभी रिटायर नहीं होते हें ।सिर्फ सरकारी सेवा से अवकाश प्राप्त किये हें। उच्च माध्यमिक विद्यालय आधारपुर के प्रधानाध्यापक शमशेर आलम ने कहा कि गांधी जी ने शिक्षक के साथ एक बेहतर समाजसेवी की भूमिका भी अच्छे तरीके से निभाया। वहीं कार्यक्रम का मंच संचालन करते हुए विद्यालय के शिक्षक अवधेश कुमार त्रिपाठी, एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय केलाबाड़ी के प्रधानाध्यापक नवल किशोर सुमन ने गांधी जी के कार्यकाल की काफी प्रशंसा की। इस मौके पर आगत अतिथियों का स्वागत विद्यालय की शिक्षिका उमा कुमारी एवं कांता कुमारी ने आगत अतिथियों का स्वागत डायरी कलम और अंग वस्त्र देकर किया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक संजय कुमार, नवल किशोर सुमन, मनोज कुमार ठाकुर, शशि कुमार पवन, बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ के राज्य उपाध्यक्ष रंजीत कुंवर ,प्रखंड सचिव सूरज पासवान, अध्यक्ष चंदन कुमार, कोषाध्यक्ष कुणाल कुमार, शिक्षक रंजन कुमार अभिभावक शत्रुघ्न प्रसाद सिंह, बमबम सिंह, पंकज सिंह,के अलावे भारी संख्या में शिक्षक अभिभावक शामिल हुए।

# आम बजट किसानों के लिए निराशा और मायूसी भरी बजट है: राष्ट्रीय सचिव

राष्ट्र संवाद (ब्यूरो चीफ)
बेगूसराय

**बेगूसराय 1फरवरी 2025**,वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए पेश आम बजट से किसानों के बीच निराशा और मायूसी है।इस बजट ने किसानों के उम्मीद पर पानी फेर दिया है। यह बजट गरीब और सीमांत किसानों के लिए एक झटका है। किसानों की समस्याओं की इस बजट में घोर उपेक्षा की गई है।बीमा क्षेत्र में 100% विदेशी निवेश की घोषणा कृषक समुदाय पर नकारात्मक प्रभाव डालेगा। इस बजट से कृषि संकट का समाधान होने के बजाय पहले से घोषित नई योजना जिनका नाम राष्ट्रीय कृषि विपणन पर राष्ट्रीय नीति ढांचा है, किसानों की परेशानियों को और बढ़ाएगी तथा उन्हें खेती से दूर कर देगी। के सी सी व्यक्तिगत ऋण सीमा को 3 से 5 लाख रुपया तक बढ़ाने के पीछे सरकार की असली मंशा है, उनके मित्र कॉरपोरेटस क्षेत्र के द्वारा महंगी लागत वाले कृषि उपयोगी चीजों की बिक्री को बनाए रखना।
इससे किसानों की ऋणग्रस्तता में वृद्धि होगी। इससे किसानों की आय नही बढ़ेगी। उर्वरक सब्सिडी 1.64 लाख करोड़ रुपए से बढ़ाकर 1.67 लाख करोड़ रुपए करने से किसानों को कोई लाभ नहीं होगा बल्कि महंगाई बढ़ाने के कारण वास्तव में उसका मूल्य 1.64 लाख करोड़ रुपए से भी काम हो जाएगी। यह स्थिति कृषि और संबद्ध क्षेत्र के लिए 1.5 लाख करोड़ रुपए के बदले 1.71 लाख करोड़ रूपया बढ़ाना भी वास्तव में बढा नहीं घट गया है। लंबे काल से देश में चल रहे किसान आंदोलन की सबसे बड़ी मांग है कि स्वामीनाथन कमीशन के आधार पर उ-2+ 50 के आधार पर एमएसपी की कानूनी गारंटी,किसानों की कर्ज मुक्ति,किसान हितैषी सभी फसलों का फसल बीमा,कृषि विकास के लिए बड़े पैमाने पर सरकारी निवेश,बाढ़,सुखाड़ एवं जल जमाव का स्थाई निदान और सस्ते दर पर सिंचाई व्यवस्था।
इस सब पर हमारा यह बजट मौन है विगत कई वर्षो से उद्वेलित किसानों को लगातार सरकार द्वारा दिए गए आश्वासन के बीच यह आम बजट किसानों के साथ विश्वासघात है।
अशोक प्रसाद सिंह राष्ट्रीय सचिव ऑल इंडिया किसान सभा ने कहा की ना उम्मीद के इस बजट के खिलाफ देश भर के किसान एकजुट होकर संघर्ष के लिए सड़क पर उतरकर अपने गुस्से का इजहार बजट का पुतला जलाकर करेंगे।

# सेंट जूड्स विद्यालय बना खेल मैदान, अशोक हाउस ने रचा विजय इतिहास

राष्ट्र संवाद (ब्यूरो चीफ)
अशोक कुमार ठाकुर

**जीत ,जुनून और टीम भावना एक- अविस्मरणीय दिन**



1 फरवरी शनिवार को फुलवड़िया तारा अड्डा स्थित सेंट जूड्स विद्यालय का परिसर एक भव्य खेल मैदान में तब्दील हो गया, जब विद्यालय के चारों सदन- रमन, राजेन्द्र, नेहरू और अशोक- ने जोश, उत्साह और खेल भावना के साथ भाग लिया। पूरा माहौल ऊर्जा और रोमांच से भर गया, जहां छात्रों ने अपनी खेल प्रतिभा और टीम भावना का अद्भुत प्रदर्शन किया।
सेमीफाइनल मुकाबलों में जबरदस्त संघर्ष के बाद अशोक और नेहरू हाउस ने फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मुकाबला रोमांच की चरम सीमा पर था, जहां छात्रों ने साहस, कौशल और टीम वर्क का परिचय दिया। शानदार खेल प्रदर्शन के साथ, अशोक हाउस ने नेहरू हाउस को हराकर चैंपियन का खिताब जीत लिया, जबकि नेहरू हाउस उपविजेता के रूप में उभरा।
प्रतियोगिता में खेल शिक्षक श्री प्रशांत और श्री मनीष ने रेफरी की भूमिका निभाई और निष्पक्ष खेल भावना को बनाए रखा। विद्यालय के सभी शिक्षक भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए उपस्थित थे, जिससे छात्रों को और अधिक प्रेरणा मिली।
इस शानदार आयोजन के साक्षी बने अध्यक्ष श्री शंकर कुमार, प्रबंध निदेशक श्री ओम नारायण और प्राचार्य श्री संतोष पांडे। उन्होंने विजेताओं और सभी प्रतिभागियों को उत्कृष्ट खेल भावना, टीम वर्क और समर्पण के लिए बधाई दी। उन्होंने छात्रों के साहस और प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य में और अधिक ऐसे खेल आयोजनों को आयोजित करने का आश्वासन दिया।
इस आयोजन ने केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि धैर्य, आत्मविश्वास और सच्ची खेल भावना का संदेश दिया। जोश से भरी दर्शकों की तालियां, मैदान पर खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन और खेल की उमंग ने इसे एक यादगार दिन बना दिया।
सेंट जूड्स विद्यालय अपने छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ खेल और सह-शैक्षणिक गतिविधियों में भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है

# गरीब लोगों के दाना पानी पर खतरा, जन वितरण विक्रेता गए अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

राष्ट्र संवाद (ब्यूरो चीफ)
अशोक कुमार ठाकुर

**तेघड़ा /बेगूसराय** बिहार के पीडीएस डीलर अपने आठ पुत्री मांगों को लेकर 1 फरवरी शनिवार से हड़ताल पर चले गये हें।
जन वितरण विक्रेता अपने पोस (ढडर) मशीनों को बंद रखेंगे और अनाज का उठाव भी बंद रखेंगे। जन वितरण केंद्रों के विक्रेताओं के हड़ताल पर जाने से खाद्यानों के वितरण मे परेशानी होगी और आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। शनिवार को अनुमंडलीय खाद्य गोदाम तेघड़ा के प्रांगण में फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन तेघड़ा के बैनर तले प्रखंड के सभी जन वितरण विक्रेता एवं संघ के पदाधिकारी अपनी मांग के समर्थन में सरकार के विरुद्ध धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया।
इस मौके पर संगठन मंत्री सुनील कुमार सिंह ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि अनशनकारी अंबिका यादव का स्वास्थ्य गिरता जा रहा है जो चिंताजनक है। सरकार की तरफ से मांग पर कोई पहल नहीं की जा रही है। अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जन वितरण विक्रेता पटना के गर्दनी बाग में आमरण अनशन पर हें।
फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन के प्रखंड सचिव चंद्र किशोर सिंह ने बतलाया कि इस आंदोलन के समर्थन में आज से अनिश्चितकालीन पोस मशीन बंद रहेगा। विक्रेताओं की प्रमुख मांग है कि डोर स्टेप डिलीवरी के लिए दुकान पर रखे जाने वाले अनाज की सही गुणवत्ता, एसएफसी गोदाम से विक्रेता के गोदाम तक बैग के वजन के साथ अनाज का पूर्ण वजन मिलना चाहिए।30,000 हजार रुपए मानदेय देने, अनुकंपा में उम्र सीमा समाप्त करने, साप्ताहिक अवकाश की सुविधा, मार्जिन मनी आदि मांगे शामिल हें। मौके पर प्रखंड उपाध्यक्ष विजय कुमार, संगठन मंत्री राम प्रकाश मोची, हड़ताल के संयोजक प्रवीण कुमार, प्रखंड कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र यादव, मीडिया प्रभारी लक्ष्मण कुमार, बंशीधर कुमार सिंह ,आशुतोष कुमार, राजेश मोची, लक्ष्मी साह, रविंद्र प्रसाद सिंह, राहुल कुमार ठाकुर, धन्नु कुमार ठाकुर, सुनील सिंह अनिल सिंह महावीर पासवान ,उमेश रजक ,विपिन कुमार सिंह सहित भारी संख्या में प्रखंड के जन वितरण विक्रेता मौजूद थे।

पंजीयन संख्या :JHAHIN01092 स्वामी , प्रकाशक , मुद्रक व संपादक देवानंद सिंह द्वारा अमन प्रिंटर , 66 गोलमुरी बाजार , जमशेदपुर - 3 से मुद्रित तथा अमन पब्लिकेशन राष्ट्र संवाद , 66 गोलमुरी बाजार , जमशेदपुर -3 झारखंड से प्रकाशित ।फोन : 0657 - 2341060 /2344002 मो:09431179542 /09102339999 / 07739802044 / 09334823893

# बजट देश के प्रत्येक नागरिक के सशक्तिकरण और समृद्ध भविष्य निर्माण दिशा में ठोस कदम:सुधांशु ओझा

राष्ट्र संवाद संवाददाता





**जमशेदपुर।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा शनिवार को प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2025-26 का भाजपा जमशेदपुर जिला अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने सराहना करते हुए प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि यह बजट आम व्यक्ति को ध्यान में रखकर बनाया गया बजट है और इसमें हर वर्ग को शामिल किया गया है। सुधांशु ओझा ने बजट को मध्यम वर्ग की आमदनी बढ़ाने, खर्च घटाने, क्रय शक्ति बढ़ाने और समावेशी विकास को प्रोत्साहित करने वाला करार दिया। सुधांशु ओझा ने कहा कि इस बजट में मध्यम वर्ग के लिए आयकर में महत्वपूर्ण राहत प्रदान की गई है, जिससे उनकी क्रय शक्ति में वृद्धि होगी और उपभोग को बढ़ावा मिलेगा।

## समाज के सभी वर्गों को छूने वाला सर्वस्पर्शी और समावेशी बजट: प्रेम झा

भाजपा जमशेदपुर महानगर जिला मीडिया प्रभारी प्रेम झा ने केंद्रीय बजट का स्वागत करते हुए कहा कि यह बजट समाज के सभी वर्गों को छूने वाला सर्वस्पर्शी और समावेशी बजट है। उन्होंने कहा कि बजट में 12 लाख तक के आय को टैक्स फ्री करने, स्टार्टअप के लिए लोन 10 करोड़ से बढ़ाकर 20 करोड़ रुपये, सरकार के 10,000 करोड़ रुपये के योगदान से स्टार्टअप्स के लिए फंड की व्यवस्था, मेडिकल एजुकेशन में अगले 5 साल में 75 हजार सीटें बढ़ाने का ऐलान और पांच आईआईटी में एडिशनल इंफ्रास्ट्रक्चर, अक एक्सिलेंस सेंटर, किसान क्रेडिट कार्ड पर कर्ज की लिमिट 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख समेत ईवी को बनाने में इस्तेमाल किए जाने वाले 35 एडिशनल चीजों पर से कस्टम ड्यूटी को हटाने एवं कैंसर की दवाओं को सस्ती करने जैसी कई घोषणाएं सराहनीय है।

# विधायक सरयू राय ने एमजीएम अस्पताल व नए मेडिकल कॉलेज अस्पताल का किया निरीक्षण, उठाए गंभीर सवाल

राष्ट्र संवाद संवाददाता

जमशेदपुर पश्चिम विधायक सरयू राय ने आज एमजीएम अस्पताल और नए मेडिकल कॉलेज अस्पताल का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पतालों की स्थिति और सुविधाओं पर गंभीर सवाल उठाए। खासतौर पर नए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में बुनियादी सुविधाओं की कमी को लेकर उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की आलोचना की।



सरयू राय ने नए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में बिजली, पानी, और जरूरी उपकरणों की अनुपलब्धता पर चिंता जताई। इसके अलावा, उन्होंने स्टाफ की कमी को भी प्रमुख समस्या बताया और कहा कि ऐसे हालात में मरीजों का इलाज कैसे संभव होगा। विधायक ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जब तक इन बुनियादी समस्याओं का समाधान नहीं होता, एमजीएम अस्पताल को नए भवन में शिफ्ट नहीं किया जाएगा।

इस मुद्दे को लेकर सरयू राय ने स्वास्थ्य सचिव से तत्काल बातचीत करने की बात कही। उन्होंने मांग की कि पहले अस्पताल की सुविधाओं को दुरुस्त किया जाए, उसके बाद ही शिफ्टिंग की प्रक्रिया शुरू की जाए। विधायक ने यह भी कहा कि मरीजों को भगवान के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता और राज्य सरकार को इस स्थिति को सुधारने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे।

# एक्शन मोड़ मे विधायक पूर्णिमा साहू,मोहरदा जलापूर्ति योजना की निरिक्षण की, दिए कई दिशा निर्देश

राष्ट्र संवाद संवाददाता

जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा दास साहू पूरी तरह से एक्शन मोड़ में दिखाई दे रही है, विधायक पूर्णिमा दास साहू ने जंहा प्रधानमंत्री नल जल योजना के तहत भुइयाँडीह मे लोगों को इस योजना के बारे मे जानकारी देते हुए जुस्को के अधिकारियो से इस योजना के तहत बस्ती के तमाम घरों को इस योजना के तहत जल पहुँचाने का निर्देश दिया तो वंही विधायक बिरसानगर मोहरदा जलापूर्ति योजना का निरिक्षण किया, वंही मोहरदा जलापूर्ति योजना को बारीकियों से देखा कि इस योजना के तहत पुरे बिरसानगर मे शुद्ध पानी सप्लाई हो रही है या नहीं, विधायक पूर्णिमा दास साहू ने मोहरदा जलापूर्ति योजना के फिलटर प्लांट को देखा और वंहा मौजूद जुस्को के अधिकारियो से स्वर्णरेखा नदी जँहा से पानी यंहा लाया जाता है, उसे किस प्रकार फिलटर किया जाता है और कैसे सप्लाई दी जाती है, किस किस समय इलाके मे पानी की सप्लाई होती है सभी मुद्दों पर अधिकारियो से जानकारी ली, विधायक पूर्णिमा दास साहू ने कहा कि इस प्लांट मे काफी कमियां दूर कर ली गईं है, कुछ कमियां बाकी है जिसे दूर करने के लिए इन लोगों से प्रपोजल मंगा गया है, उन्होंने कहा कि मोहरदा जलापूर्ति योजना को जल्द दुरुस्त किया जाएगा ताकि गर्मी मे क्षेत्र के लोगों को परेशानियों का समना नहीं करना पड़े।



## मध्यमवर्गीय करदाताओं के लिए कर्ज की किस्त चुकाना होगा आसान - संदीप मुरारका



सिंहभूम चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के कॉपटेड सदस्य संदीप मुरारका ने बजट पर त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ऐसे करदाता जिनकी आय बारह लाख तक की है और उन्होंने गृह लोन या होम लोन अथवा कोई छोटा लोन ले रखा है. किंतु पिछले दो तीन वर्षों से महंगाई की वजह से समय पर किस्त नहीं चुका पा रहे थे. उनके लिए यह बजट एक तोहफा लेकर आया है. प्रतिमाह एक लाख रुपए कमाने वाले को जो आयकर देना पड़ता था, अब वो नहीं देना पड़ेगा. जिससे वह करदाता उस रकम का उपयोग अपने कर्ज की किस्त चुकाने के लिए कर सकता है. दीर्घ अवधि में बैंको को इस निर्णय का लाभ मिलेगा और उनका एनपीए घटेगा. यह रकम पुनः घूम कर बैंको के जरिए घरेलू बाजार में आएगी, जिसका लाभ उद्योग व व्यवसाय को मिलेगा. यह सकारात्मक निर्णय है, इसका स्वागत किया जाना चाहिए.

## लोक कल्याणकारी बजट- आशा शर्मा



**जमशेदपुर।** मानगो वाटिका ग्रीन सिटी की रहने वाली घरेलु महिला आशा शर्मा ने आम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि विकसित भारत के निर्माण में मील का पत्थर साबित होगा। आयकर में छूट जहां मध्यम वर्ग के लोगों का जीवन स्तर बेहतर बनाएगी, वहीं सस्ती दवाई का फैसला भी सभी के लिए राहत वाला होगा। बजट में गांव, गरीब, किसान, नौजवान सहित समाज के सभी वर्गों के हितों का ध्यान रखा गया है। प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री का लोक कल्याणकारी बजट के लिए आभार व्यक्त किया।

## सिख समाज ने साकची थाना प्रभारी को सम्मानित किया

राष्ट्र संवाद संवाददाता

20 वीं टाटा मैराथन मुंबई दौड़ के 42.197 किलोमीटर के फूल मुंबई मैराथन में भाग लेने वाले साकची थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक आनंद मिश्रा को सिख समाज की ओर से सम्मानित किया गया।

समाज की ओर से भाजपा के युवा नेता एवं संस्था सांझी आवाज के संस्थापक सतबीर सिंह सोमू ने गुलदस्ता भेंटकर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

पुलिस निरीक्षक आनंद मिश्रा ने 5 घंटे 23 मिनट 31 सेकंड में दौड़ पूरी की। फुल मैराथन दौड़कर शहर में वापस आने पर विभिन्न



संस्थाओं द्वारा उन्हें सम्मानित करने का क्रम जारी है।

भाजपा नेता के अनुसार उम्र के इस पड़ाव में भी इतनी लंबी दूरी की दौड़ पूरी करना अपने आप में महत्वपूर्ण है वे युवाओं के लिए आदर्श एवं प्रेरणा स्वरूप है।

उनके साथ सरदार चंचल सिंह भाटिया, वीर खालसा दल के अध्यक्ष एवं प्रदेश भाजपा अल्पसंख्यक सेल के मीडिया प्रभारी रिंकू सबलोक, जसबीर सिंह एवं कौशल सिंह आदि थे।




# विशेश शर्मा ने दूसरा राउंड 63 में खेलकर प्री-क्वालिफाइंग में टॉप किया,28 खिलाड़ी फाइनल स्टेज में पहुंचे

राष्ट्र संवाद संवाददाता

जमशेदपुर, 1 फरवरी 2025: हैदराबाद के 18 वर्षीय विशेश शर्मा ने गोलमुरी गोल्फ कोर्स, जमशेदपुर में खेले गए टाटा स्टील ढ्ळक क्वालिफाइंग स्कूल 2025 के प्री-क्वालिफाइंग के दूसरे राउंड में आठ-अंडर 63 का स्कोर बनाकर कुल 13-अंडर 129 का स्कोर किया और दो शॉट्स से जीत दर्ज की।

प्री-क्वालिफाइंग में कुल 129 खिलाड़ियों के मैदान से टॉप 28 खिलाड़ियों ने फाइनल क्वालिफाइंग स्टेज के लिए जगह



बनाई, जिसमें कट दो-अंडर 140 पर घोषित किया गया।

विशेश शर्मा (66-63), जिनका दूसरा राउंड 63 सबसे कम स्कोर था, शनिवार को तीसरे स्थान पर रहे थे और दूसरे राउंड में दो ईगल्स, छह बर्डी और दो बोगी के साथ वे शीर्ष पर पहुंच गए। विशेश, जो जूनियर कैटेगरी में भारत के नंबर 1 खिलाड़ी रह चुके हैं, दिन की शुरूआत लीड से एक शॉट पीछे थे।

विशेश ने कहा, ₹मेरी पुटिंग और कोर्स मैनेजमेंट इस राउंड की प्रमुख हाइलाइट्स थी। आज बोगी के बाद मैंने अच्छा वापसी की। द स्कूल में अपनी पहली उपस्थिति में इतनी अच्छी शुरूआत करना मुझे यह दिखाता है कि मैं क्या करने में सक्षम हूं। अगर मैं फाइनल स्टेज में पूरा कार्ड हासिल कर पाता हूं, तो मैं प्रोफेशनल बनने पर विचार करूंगा। गोलमुरी में कई बार खेल चुका होने के कारण इस कोर्स से परिचित होना भी मेरे लिए फायदेमंद रहा।₹

चंडीगढ़ के 15 वर्षीय नील जोली और करनाल के अमेट्योर तुषार पन्नू ने 11-अंडर 131 के स्कोर के साथ दूसरा स्थान साझा किया।




# केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा पेश आम बजट निम्न व मध्यम वर्ग के हित का बजट है:सुमित शरण

राष्ट्र संवाद। संवाददाता

**जामताड़ा:** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा पेश आम बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए भारतीय जनता पार्टी जामताड़ा जिला अध्यक्ष सुमित शरण ने बताया कि यह बजट आम लोगों का और खास कर निम्न वर्ग व मध्यम वर्ग के हित का बजट है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा से मध्यम वर्ग और निम्न वर्ग के लिए सोचने वाले प्रधानमंत्री हैं और जिस प्रकार की छूट टैक्स में दी गई है इसे मध्यम वर्गीय लोगों की



करें क्षमता बढ़ेगी और इससे अर्थव्यवस्था पर एक सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। साथ-साथ गरीबों के लिए चलाई जाने वाली योजनाओं पर भी सुमित शरण ने केंद्र सरकार और वित्त मंत्री की प्रशंसा की।कामकाजी करदाता, गिग वर्कर्स, किसान, जे ई ई और नीट की तैयारी कर रहे छात्र, बजट 2025 से संतुष्ट एवं खुश हुए, एक करदाता, किसान पुत्र, बीजेपी नेता और राष्ट्रीय मीडिया पैनलिस्ट, ने बजट 2025 की सराहना करते हुए कहा कि देश के करोड़ों करदाताओं, कामकाजी युवाओं और मध्यम वर्ग के परिवारों के लिए यह बजट किसी उत्सव एवं आशीर्वाद से कम नहीं है।

उन्होंने कहा कि इस बजट ने मध्यम वर्ग, किसानों, स्टार्टअप्स और युवाओं को वित्तीय मजबूती देने का कार्य किया है, जिससे विकसित भारत का सपना साकार होगा।

मध्यम वर्ग और करदाताओं के लिए बड़ी राहत ?12 लाख तक की वार्षिक आय पर कोई टैक्स नहीं। इससे करोड़ों युवा करदाताओं को सीधा लाभ मिलेगा। - किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाई गई , जिससे ग्रामीण परिवारों को प्राइवेट लेंडर्स के कुचक्र से मुक्ति एवं आर्थिक मजबूती मिलेगी।

# केन्द्र सरकार ने निरासा जनक बजट पेश कर आम जनता को छलने का कार्य किया है :आनन्द बिहारी दुबे

राष्ट्र संवाद संवाददाता

जमशेदपुर : पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने केंद्रीय बजट पर अपना प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल का सबसे कमजोर और घुमावदार बजट है। भारत के भोले-भाले आम जनता को बडे रुप में छलने का प्रयास किया गया है।

ठोस रोजगार के अवसर नौजवानो के लिए नही है। इससे शिक्षित नौजवानों का भविष्य अंधकार मय होगा। इस बजट को राज्यों में होने वाले विधान सभा चुनाव के मद्देनजर बनाया गया है। इससे राजनैतिक स्वार्थ झलक रही है।

सबसे बड़ी विडंबना यह है कि झारखण्ड राज्य का बकाया भुगतान करने के लिए बजट में कोई प्रावधान नही रखा जाना केंद्र सरकार के उपेक्षापूर्ण रवैए को दर्शा रहा है। इससे झारखण्ड राज्य के निवासी के लिए विकास के कार्य बड़े पैमाने पर प्रभावित होंगे।

